15 MAY 2023 Ambikapur_Layout 2 5/15/2023 1:03 AM Page 1

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -192 सोमवार,15 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

## कांग्रेस अध्यक्ष ही तय करेंगे कर्नाटक का सीएम

» विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला



**नई दिल्ली,14 मई 2023(ए)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का अगला सीएम कौन होगा, इसे लेकर चल रही अटकलों का दौर अब जले द ही थमने वाला है. दरअसल, बेंगलुरु में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह फैसला हुआ है कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ही राज्य के नए सीएम का नाम तय करेंगे. विधायक दल की बैठक में यह एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया गया है. साथ ही बेंगलुरु के जिस होटल में विधायक दल की बैठक हुई है, उसके बाहर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी भी की है. बता दें कि कर्नाटक के मुख्ययमंत्री की रेस में सबसे बड़े दावेदार सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार हैं.

सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार सोमवार सुबह दिल्ली आएंगे साथ ही रणदीप सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल भी दिल्ली आएंगे सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सीएम के तौर पर किसी नाम को तय करने से पहले कांग्रेस आलाकमान से भी राय ले सकते हैं.

सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 18 मई को होगा. शपथ ग्रहण समारोह में सोनिया गांधी के साथ ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगे. साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे. सूत्रों के मुताबिक, समान विचारधारा वाले दलों को भी निमंत्रण भेजा जाएगा.

उम्मीद जताई जा रही है कि कांग्रेस जल्द ही सीएम के नाम पर मुहर लगा सकती है. इन सब के बीच कर्नाटक में पार्टी के वरिष्ठ नेता डीके शिवकुमार ने एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने रविवार को कहा कि मैंने पार्टी के लिए कई बार कुर्बानी दी है. कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने रविवार को यह बयान कांग्रेस की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लिंगायत समुदाय के धार्मिक केंद्र तुमकुर में सिद्धगंगा मठ का दौरा करने के बाद दिया है.

### सिद्धारमैया के साथ मतभेद नहीं

डीके शिवकुमार ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि मेरा सिद्धारमैया से किसी बात को लेकर मतभेद है, लेकिन मैं ये साफ कर देना चाहता हूं कि इस तरह की तमाम बातें गलत है. सिद्धारमैया और मेरे बीच किसी तरह कोई मतभेद नहीं है. मैंने पार्टी के लिए कई बार कुर्बानी दी है और सिद्धारमैया जी के साथ खड़ा भी रहा हूं. मैंने हमेशा ही सिद्धारमैया को अपना सहयोग दिया है.

### सीएम चुनने की प्रक्रिया हुई शुरू

कर्नाटक में पार्टी ने मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इसके लिए पार्टी की ओर से तीन पर्यवेक्षकों को नियुके त किया गया है. कांग्रेस अ‍े यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने तीन पर्यवेक्षकों को नियुके त किया है. वह विधायकों से बात करेंगे और रिपोर्ट देंगे. उसके बाद मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा. साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम को लेकर विवाद से भी इनकार किया है. बता दें कि कर्नाटक चुनाव नतीजों के बाद से ही मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें लग रही हैं. पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार मुखे यमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं।

## जालंधर जीतने के बाद दिल्ली पहुंचे सुशील रिंकू

» सीएम भगवंत मान के साथ आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से लिया आशीर्वाद

**जालंधर,14 मई 2023(ए)।** जालंधर लोकसभा उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल कर सुशील रिंकू ने इतिहास रचा है। अब इसी जीत से गदगद जालंधर से नवनिर्वाचित सांसद सुशील कुमार रिंकू आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने पहुंचे।



दिल्ली में वह आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने उनके घर पर पहुंचे हैं। आप नेता राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की शादी में शामिल होने गए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से भी रिंकू ने दिल्ली में ही मुलाकात की। जालंधर से सांसद चुने गए सुशील रिंकू मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान के साथ पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके घर पर जाकर मुलाकात करने के लिए पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया। लोकसभा उपचुनाव में जीत के बाद सुशील रिंकू का यह दिल्ली का भी पहला दौरा है और दोनों मुख्यमंत्रियों से मुलाकात भी पहली है।

## 2024 में किसके हाथ लगेगी सत्ता की चाबी

### इस साल के अंत में कई राज्यों के चुनाव तय करेंगे सियासी समीकरण!




**नई दिल्ली,14 मई 2023(ए)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव भले ही खत्म हो गए हों, लेकिन इस साल होने वाले अन्य राज्यों के चुनावों के बाद 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा हो रही है। इधर, लोकसभा की लड़ाई से पहले देश के 4 अहम राज्यों में होने वाले चुनावों से सियासी पारा चढ़ने के साथ ही आगे की तस्वीर भी साफ होगी।

लोकसभा चुनाव के साथ कम से कम 3 विधानसभा चुनाव भी हो सकते हैं। वहीं कर्नाटक के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल चुनाव होंगे। नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय के पूर्वोत्तर राज्यों में 2023 में विधानसभा चुनाव होने वाले पहले राज्य थे।

2023 के अंत में मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना की विधानसभाओं के कार्यकाल के साथ इस साल दिसंबर और जनवरी 2024 में अलग-अलग तारीखों पर विधानसभा चुनावों की एक श्रृंखला होगी। जबकि 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 जनवरी और 6 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है। वहीं राजस्थान और तेलंगाना विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 14 जनवरी और 16 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है।

निर्धारित चुनावों के अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव भी इस साल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। सूत्रों ने पहले कहा था कि जम्मू-कश्मीर में सर्दियों की स्थिति कम होने के बाद 2023 की गर्मियों में चुनाव हो सकते हैं और समय सुरक्षा परिदृश्य पर निर्भर करेगा।

## चक्रवाती तूफान 'मोचा' का कहर

» पानी में डूब जाएगा बांग्लादेश का द्वीप, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली,14 मई 2023 (ए)।** चक्रवाती तूफान 'मोचा' से ताकतवर तूफान है मोचा का प्रकोप जैसे जैसे बढ़ रहा है, वैसे ही तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार जैसे जैसे चक्रवाती तूफान मोचा और खतरनाक होगा तो वैसे ही बांग्लादेश का एक द्वीप पानी में डूब जाएगा। चक्रवात मोचा स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:00 बजे से पहले 200 किमी की गति से बांग्लादेश में कॉक्स बाजार और सितवे बंदरगाह के पास तट से टकराया है।



हालांकि चक्रवाती तूफान अस्थायी तौर पर होगा और कुछ देर बाद द्वीप से पानी उतर जाएगा। बांग्लादेशी अधिकारियों ने बताया कि 'बांग्लादेश के द्वीप सेंट मार्टिन पर किसी बुनियादी ढांचे का विकास नहीं हुआ है। जब तूफान का प्रकोप बढ़ेगा तो इसके असर से पानी सेंट मार्टिन द्वीप के एक तरह से चढ़कर दूसरी तरफ निकलेगा। इसके चलते कुछ देर के लिए सेंट मार्टिन द्वीप पानी में डूब जाएगा।'

मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तूफान का असर बढ़ जाएगा तो उसके असर से द्वीप पानी में डूब सकता है। हालांकि लंबे समय तक ऐसा नहीं रहेगा। बांग्लादेशी मौसम विभाग का कहना है कि तूफान का केंद्र म्यांमार है, जिसका असर बांग्लादेश के कोक्स बाजार में भी रहेगा। बांग्लादेश के तटीय इलाकों में बारिश शुरू हो चुकी है। मोका तूफान के चलते बांग्लादेश के मध्य-पूर्वी खाड़ी और उसके नजदीकी इलाकों में तेज हवाएं चलेंगी। हवाओं की स्पीड 210 किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है। तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इनमें चट्टोग्राम, फेनी, नोआखली, लक्शमीपुर, चांदपुर, बारिशल, पुतुआखली, झालाकाथी, पिरोजपुर,बारगुना और भोला जैसे इलाके शामिल हैं।

## महाराष्ट्र में भी होगा भाजपा का सफाया :पटोले

**मुंबई ,14 मई 2023 (ए)।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि जिस तरह कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया हुआ है , उसी तरह राज्य में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी भाजपा का सफाया हो जाएगा। पटोले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत के बाद राज्य कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मना रहे कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। इस अवसर पर कांग्रेस कार्य कर्ताओं ने मिठाइयां भी बांटी। उन्होंने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है और इसका असर कर्नाटक चुनाव के नतीजों में देखा गया।



## कांग्रेस के लिए प्रशांत किशोर बने सुनील कानुगोलू

» कर्नाटक के बाद मध्य प्रदेश की चुनावी नैय्या लगाएंगे पार

**नई दिल्ली ,14 मई 2023 (ए)।** कर्नाटक चुनाव के नतीजों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिला है। पार्टी ने विधानसभा की 224 सीटों में से 136 सीटों पर जीत हासिल की है जबकि, बीजेपी बुरी तरह से हार गई। बता दें कि कर्नाटक चुनाव की रणनीति कांग्रेस पार्टी के नए प्रशांत किशोर सुनील कानुगोलू ने तैयार की थी।

कर्नाटक मे ऐतेहासिक जीत के बाद सुनील को मध्य प्रदेश की भी जिम्मेदारी दे दी गई है। अब वह एमपी में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए मजबूत रणनीतियां तैयार करेंगे।

कर्नाटक में जन्मे सुनील कानुगोलू की परवरिश चेन्नई में हुई है। चेन्नई से प्रारम्भिक शिक्षा लेने के बाद हायर स्टडी के लिए सुनील अमेरिका चले गए। उन्होंने फाइनेंस और एमबीए में मास्टर्स की डिग्रियां हासिल की हैं। करियर के तौर पर उन्होंने मैनेजमेंट कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी को ज्वाइन किया। 2009 में उन्होंने अमेरिका से लौट कर राजनीति के क्षेत्र में एक रणनीतिकार के रूप में कदम आगे बढ़ाए।

पहले उन्होंने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के साथ काम किया और पीएम नरेंद्र मोदी के अभियान के लिए रणनीति तैयार करने में मदद की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान सुनील नरेंद्र मोदी के चुनावी अभियान का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश, गुजरात हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के चुनावी अभियानों के लिए रणनीति तैयार की। जहां भाजपा ने इतिहास रचा। प्रशांत किशोर से अलग होने के बाद उन्होंने चुनावी अभियानों के लिए माइंडशेयर एनालिटिक्स नाम से एक नई कंपनी की शुरुआत की।

, कांग्रेस ने बीते साल मार्च 2022 में सुनील कानुगोलू को बतौर चुनावी रणनीतिकार पार्टी में जगह दी थी। कांग्रेस ने पिछले साल मई में 2024 के लिए एक टास्क फोर्स की स्थापना की है। इसमें चुनावी रणनीतिकार सुनील कानुगोलू को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बेजेपी के अलावा सुनील कानुगोलू डी एम के, ए आई डी एम के के साथ भी काम कर चुके हैं।



### अब मध्य प्रदेश के लिए तैयार करेंगे रणनीति

कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस ने अब कानूनगोलू को मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। ज्योतिरादित्य सिधिंया के भाजपा पार्टी में शामिल होने के बाद से भाजपा सरकार कई गुटों के कारण आंतरिक लड़ाई से जूझ रही है, इसलिए ही सुनील कानुगोलू को मध्य प्रदेश की कमान सौंपी गई है। भाजपा सरकार की विफलता की पहचान करने का काम भी कानुगोलू को सौंपा गया है।

## संघवी-मुद्दा से जुड़े कई नाम अब ईडी के निशाने पर

**इंदौर,14 मई 2023 (ए)।** गृह निर्माण संस्थाओं की जमीनें कब्जाने वालों के खिलाफ ईडी का अभियान सुरेंद्र संघ्वी, प्रतीक संघवी और दीपक जैन मद्दा तक सीमित नहीं रह गया है। इनकी जद में अब एक-एक करके शहर के कई जाने-माने चेहरे भी आ गए हैं। कुछ तो ऐसे हैं जिन्हें ईडी ने नोटिस जारी करके ताबड़तोड़ तलब करना भी शुरु कर दिया है। सूत्रों की मानें तो यह कार्रवाई लंबी चलेगी। ईडी ने बुधवार को सुरेंद्र संघवी, प्रतीक संघवी, दीपक जैन मद्दा, मनीष शाहरा और आधा दर्जन ठिकानों पर दबिश दी थी। यह कार्रवाई जारी है। शनिवार के अवकाश के बावजूद ईडी के दफ्तर में गहमा-गहमी थी। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान जिस किसी की भी लिंक दस्तावेजों पर संघवी-जैन-शाहरा से मिली है, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। कुछ तो जवाब के लिए तलब भी किया गया है। ईडी के ऑन रिकार्ड दीपक जैन का नाम लिखा है जबकि उसका दस्तवेजी नाम दिलीप पिता आनंदीलाल सिसोदिया है। आशीष जैन, वी तोड़ी, पवन सिंघानिया, जयश्री संघवी, मुकेश खत्री और हार्दिक जैन जैसे नाम दिलीप की विभिन्न कंपनियों में उसके साथ रहे हैं। इसके अलावा अवतारसिंह भाटिया और जयविंदरसिंह भाटिया के साथ ही राजेंद्र उर्फ राजू आगर का नाम भी सूची में है। इसके अलावा पत्नी समता जैन की कंपनियों में हेमंत नीमा और अजय अग्रवाल संचालक हैं।




## धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू राष्ट्र वाले बयान से भारी विवाद

» नेताओं ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**पटना ,14 मई 2023 (ए)।** धार्मिक उपदेशक और बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री के 'हिंदू राष्ट' वाले बयान से बिहार में भारी विवाद पैदा हो गया है। राज्य में अपनी चर्चा के पहले दिन शास्त्री ने भारत को हिंदू राष्ट बनाने की पैरवी की। उन्होंने कहा, एक दिन एक संत ने मुझसे कहा कि मैं हिंदू राष्ट की बात करता हूं, लेकिन यह कैसे संभव है? मैंने उनसे कहा कि भारत पहले से ही हिंदू राष्ट है और जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी। इस बयान से बड़ा विवाद पैदा हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने रविवार को इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।



राजद के राष्टीय प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, हमें धीरेंद्र शास्त्री के पटना दौरे को लेकर अंदेशा है कि वे समाज में धर्म के नाम पर फूट डालने की बात करेंगे। हमारा अंदेशा सही साबित हो रहा है। वह भाजपा और आरएसएस के राजनीतिक एजेंडा को चलाने के लिए पटना आए हैं।

तिवारी ने कहा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह बिहार की धरती है, महात्मा बुद्ध की जन्म स्थली और महात्मा गांधी की कर्म स्थली। बिहार के लोग स्वयंभू देवदूत को अपना एजेंडा नहीं चलाने देंगे। राजनीतिक बयान देने से पहले उन्हें कर्नाटक चुनाव के नतीजों को देखना चाहिए जिसमें बजरंग बली राजनीति में उनका नाम घसीटने के लिए भाजपा पर क्रोधित हो गए। भारत देश कानून और संविधान से चलता है। क्या वे भारत को हिंदू राष्ट बनाने के लिए संविधान को बदल देंगे?



## आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में हुआ दर्दनाक हादसा

» बस-ऑटो की टक्कर में 6 महिलाओं की मौके पर मौत; चार घायल

**अमरावती ,14 मई 2023 (ए)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में रविवार को एक निजी बस के ऑटोरिक्शॉ से टक्कर हो गई जिसमें छह महिलाओं की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हादसा राष्टीय राजमार्ग 216 पर तल्लारेवु मंडल के सीतारामपुरम के पास हुआ। छह महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को काकीनाडा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाली सभी यानम के नीलापल्ली की रहने वाली थी। ये सभी मछली के व्यापार में लगी एक ईकाई में कर्मचारी थी। पुलिस के मुताबिक वो काम खत्म कर घर लौट रही थी, तभी हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। एक अधिकारी ने कहा, वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हादसा कैसे हुआ।

## सीआईएससीई बोर्ड ने जारी किया 10 वीं और 12 वीं कक्षा का रिजल्ट

**नई दिल्ली ,14 मई 2023 (ए)।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) बोर्ड ने रविवार 14 मई को कक्षा 10वीं और आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। पूरे देश भर से इन परीक्षाओं में 2.5 लाख छात्र शामिल हुए थे। इन परीक्षाओं में शामिल हुए छात्र आईसीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी बोर्ड परीक्षाओं रिजल्ट चेक कर सकते हैं। यह रिजल्ट दोपहर 3 बजे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इस बार भी लड़कियों का ही रिजल्ट ज्यादा बेहतर रहा है। कक्षा 12वीं यानी ढ्ढस्ष्ट क्क्षड्डह्स्र में लड़कियों का रिजल्ट 98.01प्रतिशत रहा है। वहीं, 95.95प्रतिशत लड़के पास हुए हैं। इसी तरह कक्षा 10वीं में लड़कियों का पास प्रतिशत 99.21प्रतिशत पाया गया है। वहीं, इस बार 98.71प्रतिशत लड़के पास हुए हैं।

आईसीएसई के लिए कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं इस वर्ष 27 फरवरी से शुरू हुई थी। यह परीक्षाएं लगभग 1 महीने तक चली और 29 मार्च को समाप्त हुई। वहीं आईएससी कक्षा 12 की परीक्षा 13 फरवरी को शुरू हुई और अंतिम परीक्षा की तारीख 31 को मार्च थी। 10 और 12 दोनों कक्षाओं को मिलाकर इस साल लगभग 2.5 लाख छात्र सीआईएससीई की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए।




आईसीएसई 12वीं परीक्षा 2023 को पास करने के लिए, छात्रों को चार या अधिक विषयों में न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होते हैं। इन 4 विषयों में से एक अंग्रेजी का होना चाहिए। वहीं आईसीएसई कक्षा 10 की परीक्षा पास करने के लिए छात्रों को प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होते हैं।

इससे पहले सीबीएसई बोर्ड ने 12 मई को दसवीं कक्षा का बोर्ड रिजल्ट घोषित किया था। सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 93.12 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। गौरतलब है कि दसवीं बोर्ड परीक्षा, देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। इस परीक्षा में 21 लाख 65 हजार 805 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 20 लाख 16 हजार 779 छात्र पास हुए हैं। इनमें से 2 प्रतिशत छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

लेख एवं विचार अभिव्यक्ति

अम्बिकापुर, सोमवार 15 मई 2023



## संपादकीय

### जेएमएम को बिहार की पार्टियों से चिंता!

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुले दिन से बिहार की दोनों प्रादेशिक पार्टियों- राजद और जदयू के नेताओं का स्वागत कर रहे हैं। पिछले दिनों राजद नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव उनसे मिलने गए थे। उसके बाद जदयू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के साथ रांची पहुंचे और हेमंत से मिले। हेमंत सोरेन दोनों पार्टियों के प्रति सद्भाव दिखा रहे हैं लेकिन उनको चिंता भी हो रही है। उनको गठबंधन को लेकर चिंता है। जेएमएम, कांग्रेस और राजद पहले से गठबंधन में हैं। अगर जदयू भी उसका हिस्सा बने तो सीटों के बंटवारे में मुश्किल आ सकती है। उनकी पार्टी के नेताओं को लग रहा है कि अगर राजद और जदयू की ताकत बढ़ती है तो वे ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करेंगे।

दूसरी ओर कुछ ऐसे भी नेता हैं, जिनको लग रहा है कि बिहार की पार्टियों का गठबंधन में रहना, जितना फायदेमंद है उससे ज्यादा फायदा अलग लड़ने से है। असल में झारखंड के बिहारी मतदाता आमतौर पर जेएमएम को वोट नहीं करते हैं। वे पारंपरिक रूप से भाजपा को वोट देते हैं। अगर बिहार की पार्टियां अलग लड़ें तो उससे भाजपा के वोट में सेंध लगेगी। राजद का असर यादव मतदाताओं में है, जिनका रूझान भाजपा की ओर दिख रहा है। ध्यान रहे पिछले विधानसभा चुनाव में राजद छह सीटों पर लड़ी थी लेकिन सिर्फ एक सीट जीत पाई थी। जदयू का असर कुर्मी मतदाताओं में हो सकता है, लेकिन उसकी राजनीति पहले से जेएमएम और आजसू करते हैं। आदिवासी, मुस्लिम और ईसाई वोट पहले से जेएमएम के साथ जुड़े हैं। इसलिए जेएमएम के कई नेता अपनी ताकत के दम पर लड़ने की सोच रहे हैं।

# भारत सबसे ज्यादा आबादी वाला देश

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की ताजा रपट के मुताबिक, भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चीन को पीछे छोड़ दिया गया है। फरवरी, 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत की आबादी 142.86 करोड़ और चीन की 142.57 करोड़ है। भारतीय चीनियों की तुलना में 29 लाख अधिक हो गए हैं। यह सिलसिला अब जारी रहेगा, क्योंकि हमारी औसत प्रजनन दर करीब 2 फीसदी है, लिहाजा आबादी लगातार बढ़ती रहती है। जब भारत अपनी आजादी का शतक पूरा कर चुका होगा, उसके बाद 2050 में हमारी आबादी 166.8 करोड़ से ज्यादा होगी। चीन से तुलना बंद कर देनी चाहिए, क्योंकि 2100 आने तक उसकी आबादी सिकुड़ कर 76 करोड़ के करीब रह सकती है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। करीब 66 फीसदी आबादी 35 साल की उम्र से कम है। भारत में 15-64 आयु वर्ग की आबादी करीब 68 फीसदी है। इस आयु वर्ग को कामकाजी माना जाता है। 1940 के आयु वर्ग के 53 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हीं के दम पर भारत मैन्यूफैक्चरिंग हव बनेगा। युवा आबादी हमारे लिए शक्ति-पुंज है। दुनिया का सबसे बड़ा बाजार, सबसे युवा कार्य-बल और सबसे सस्ता श्रम बल भारत में उपलब्ध है, लिहाजा हम दुनिया के बाजार-बादशाह हैं दुनिया के उदाहरण सामने हैं कि यदि अमरीका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देशों ने असीम सफलताएं हासिल की हैं. तो सिर्फ अपनी युवा




आबादी के बल पर और चूंकि अब उनकी आबादी बुढियाने लगी है, तो काम के संकट भी पैदा हो रहे हैं। सामूहिक ताकत, ऊर्जा, कौशल, कारोबार, उत्पादन आदि के संदर्भ में सबसे ज्यादा हिंदुस्तानी होने की खबर सुखद है। उम्मीद और संभावनाओं के व्यापक) आसमान खोलती है, लेकिन चिंताएं और चुनौतियां भी मौजूद हैं। दुनिया की 800 करोड़ से ज्यादा की आबादी में भारत की हिस्सेदारी 17.77 फीसदी है, लेकिन हमारा भू-भाग मात्र 2.5 फीसदी है। संसाधन भी सीमित हैं। हालांकि भारत की इतनी आबादी होने के बावजूद हमारे सामने भुखमरी और सूखा-अकाल के हालात नहीं हैं, लेकिन देश के रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, अस्पताल, स्कूल, बाजारों, राशन के डिपो से लेकर 5 किलो मुफ्त अनाज के वितरण केंद्रों आदि तक पर जब जन-सैलाब देखते हैं, तो असंतुलन का खौफ पैदा होने लगता है। असंख्य चेहरे आंदोलित होते हैं, किसान अपनी फसल को जलाने को विवश होते हैं और बेरोजगार युवा आक्रोश में आकर तोड़-फोड़ करने लगते हैं, तो आबादी का शक्ति-पुंज ही देश को जलाता हुआ लगता है। सब कुछ सवालिया हो जाता है। बेशक भारत में बहुत कुछ बदल चुका है। देश में करीब 50 करोड़ कामगार हैं। यदि 15 साल से अधिक उम्र के कामगारों को भी जोड़ लिया जाए, तो यह आंकड़ा 100 करोड़ को छू सकता है। इतने कामगार दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। चीन को छोड़ दें, तो अमरीका, यूरोप, अफ्रीका की इतनी आबादी भी नहीं है। देश की तकनीकी कंपनियों में करीब 54 लाख लोग कार्यरत हैं। 2022-23 के दौरान इन कम्पनियों ने 2.90 लाख लोगों को नौकरियां दी हैं ।

**अजय दीक्षित**

## खून भी चीखते हैं !

होश में आओ!!होश में आओ!!
होश में आके गाड़ी चलाओ!!
एक अधेड उम्र का आदमी,बड़े-बड़े बाल दाढ़ी,काला-कुचैला,देखने से पागल जैसा प्रतीत होता है।ट्रैफीक पुलिस की भाँति बार-बार हाँथों को हिलाता हुआ इशारा करते हुए चिल्ला रहा है।पर लोग इसको पागल समझकर इसकी बातों को अनदेखा करते हुए ,बेतरतीब रेड़-भेड़ ट्रेफिक के नियमों को दर किनार करते अपने धुन में चले जा रहे हैं।फिर वही आवाज-
÷होश में आओ... !÷
÷होश में रहके गाड़ी चलाओ... !÷
दोपहर का समय,राष्ट्रीय राज मार्ग लगातार
बड़े-बड़े मोटर गाड़ियाँ और हाइवा का अंधाधून साँय-साँय..! सर-सर..!और कान फोड़ू हॉर्न,हवाओं को चिरता भारी-भरकम दैत्याकार गाड़ियाँ कुछ ही पलों में आँखों से ओझल होता फिर दूसरा ,तीसरा,चौथा लगातार यही सिलसिला।मजाल है कोई रोड क्रॉस कर दे।तभी अचानक रोड में जोर से कुछ घिसटने की आवाज सर,र,र,र,र ह्यह्य! इतनी जबरदस्त आवाज !की आसपास के लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।कुछ ही पल में भीड़ इकट्ठी हो जाती है।भीड़ से चीखने चिल्लाने की आवाज
हाय !हाय !बचाओ बचाओ!
कोई कहता 108 को बुलाओ!
कोई कहता पुलिस को कॉल करो!
कुछ ही पल में भीड़ को चिरती सायरन की
आवाज वोंय-वोंय. !हटो-हटो दूर हो जाओ पुलिस भीड़ को हटाती है। इतनी जबरदस्त दुर्घटना हुई की स्कूटी सवार दो युवती हाइवा के चपेट मे आने से काल-कवलित हो गई थी।ठीक इसी समय वह पागल जैसा दिखने वाला व्यक्ति फिर पहुँच गया और फिर वही
होश में आओ,,!होश में आके गाड़ी चलाओ,,!
भीड़ से आवाज आती है इस पागल को यहाँ से भगाओ!और फिर लोग आग बाबूला हो कर उसको मारते को दौड़ाते हैं।तभी पुलिस कड़कते हुए!!तुम लोग होश में आओ शांत रहो।
तभी पुलिस उस पागल से कहती है-कौन हो तुम?और इस तरह से बार-बार होश में...क्यों चिल्ला रहे हो?साहब !साहब !मै भी एक गाड़ी चालक था पागल नहीं हूँ मेरी छोटी सी लापरवाही के कारण कोई निरीह प्राणी अपाहिज हो गया था।तब से मैं सन्याश ले लिया हूँ और अब सेवा में लगा हूँ।साहब !रोड के ये खुन के दाग़ चिल्लाते हैं,चीखते हैं।पर इनको कोई नही सुनता ।भीड़ मे सन्नाटा छा जाता है,और फिर पुलिस यह कहते हुए सब के होश उड़ा दिए की पागल यह नही आप सभी हो,
जो गाड़ियाँ चलाते हुए लापरवाही करते हो।
और दुर्घटनाएँ हो जाती है।
एम्बुलेंस चला जाता है और फिर वही आवाज,खुन भी चीखते हैं !कराहते हैं!
होश मे..होश में आके गाड़ी..!!



**अशोक पटेल आशू**
तुस्मा,
शिवरीनारायन
छत्तीसगढ़

## आज भी भारत में महिला स्वतंत्रता की असली मीमांसा एवं विवेचना अपेक्षित

भारतीय संदर्भ में महिलाओं के विकास स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण की अलग-अलग तस्वीर पेश की जाती रही हैद्य शासकीय आंकड़ों के हिसाब से उच्च प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 14त्न लगभग भूमिका या भागीदारी है ।निजी क्षेत्रों में जो व्यापक स्वतंत्रता एवं उदारीकरण है, वहां भी महिलाओं की उच्च पदों पर पदस्थापना 20त्न से अधिक नहीं हैद्य सामाजिक संगठन बड़े जोर शोर से महिला स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे पेश करते हैं, कुल जनसंख्या का 45त्न महिलाओं का होने के बाद भी भारत में महिला पुरुषों से कम दक्ष एवं कमजोर मानी जाती रही हैद्य स्थिति इससे बिल्कुल विपरीत हैद्य भूमंडलीकरण शिक्षा में वृद्धि मानव अधिकारों की वृद्धि एवं सजगता से आगे बढ़ती हैं, तो उनका परिवार समाज उन्हें इन सब कार्यों से दूर रख बाधित कर विकास की एक धारा को नियंत्रित कर देता है ।और इस तरह उनके मानसिक स्वतंत्रता को रोक कर उन्हें मानसिक दासता का पात्र बना देता है।घरों में समाज में सदैव लड़कों को घर का उत्तराधिकारी मानकर उन्हें प्रत्येक कार्य में वरीयता प्रदान की जाती है,एवं घर की लड़कियों को कमतर आंक कर केवल घर के कामों में ही व्यस्त रखा जाता है।, यह छोटे या बड़े अंतर ही महिलाओं को मानसिक रूप से गुलामी के लिए मजबूर कर वैचारिक हथकड़ियां पहनाते हैं।

हमें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी उनकी भूमिका योगदान एवं स्थिति को एकदम स्पष्ट करना आवश्यक है। बहुत



महिला सशक्तिकरण के आंदोलनों को काफी बल प्राप्त हुआ है। शनी सिगनापुर, हाजी अली दरगाह एवं अन्य स्थानों पर महिलाओं के प्रवेश के लिए सशक्त आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। आज से 20 वर्ष पूर्ण इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थीद्य वर्तमान ओलंपिक 2021 में पूर्वोत्तर राज्य की मीराबाई चानू ने सिल्वर पदक दिलाकर अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को प्रदर्शित कर यह बता दिया है कि नारी विशेषकर भारत की पुरुषों से कहीं आगे हैं और प्रिया मलिक ने हंगरी में स्वर्ण पदक लाकर बात को प्रमाणित भी कर दिया हैद्य भारत की महिलाएं, साक्षी मलिक ओलंपिक में कांस्य पदक, पी,वी संधू रजत पदक, दीपा मलिक पैरा ओलंपिक में पहली भारतीय महिला द्वारा स्वर्ण प्राप्त,साइना नेहवाल सानिया मिर्जा ने काफी हद तक महिलाओं के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया है। इसी प्रकार निजी क्षेत्रों में चंदा कोचर,इंदिरा नूई, अरुंधति भट्टाचार्य ने आर्थिक जगत की नई ऊंचाइयों को छुआ है। अंतरिक्ष में कल्पना चावला सुनीता विलियम्स ने महिलाओं को बड़ी प्रेरणा दी है, राजनैतिक क्षेत्र में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार ने 9 महिला मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह किरण बेदी ने पुलिस प्रशासन में एक बड़ी पताका हासिल कर महिला होने पर गर्व करने के लिए लोगों को मजबूर किया हैद्य

भारत के संदर्भ में यह माना जाए कि जीवन काल में ही महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कम स्वतंत्रता प्राप्त है। बचपन के पश्चात जब महिला विद्यालय, विवाह की ओर अग्रसर होती है, तो उसके पहनावे की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया जाता हैद्य महिलाओं के वस्त्रों के साथ उसके चरित्र की व्याख्या कर दी जाती है। जबकि इस भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण के युग में जहां संस्कृति के आदान-प्रदान का बड़ा महत्व है, और महिलाएं आधुनिकरण के लिए महिलाओं की भूमिका का परीक्षण अत्यंत छोटे स्तर पर करना आवश्यक है। महिलाओं को बचपन से ही मानसिक तथा शारीरिक स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार की प्रेरणा दी जानी चाहिए। धीरे बोलना, धीरे हंसना, बाहरी लोगों से से दूर रहना एवं बाहर खेलने नहीं जाने की स्वतंत्रता नहीं देना एक तरह से महिलाओं के लिए प्रताड़ना ही है। यह यदि सुरक्षा के दृष्टिकोण से है, तो निश्चित तौर पर महिलाओं के लिए उपयोगी है। पर महिलाओं को स्वतंत्र रूप से उनके कार्य क्षमता के अनुरूप काम ना करने दिया जाना,महिलाओं के स्वतंत्रता सशक्तिकरण में एक बड़ी रुकावट ही है। इसी तरह पारिवारिक मामलों में परिवार के आर्थिक मामलों में उनकी भूमिका कमजोर या नगण्य होती है। इस प्रकार महिलाओं के जीवन के पूर्व काल में महिलाओं की सुनता को सीमित करने का प्रयास किया जाता रहा है।

हमारे देश के संदर्भ में संवैधानिक व विधिक रुप से संविधान की प्रस्तावना के अनुसार मौलिक अधिकार मौलिक कर्तव्य राज्य के नीति निर्देशक तत्व के आधार पर किताबों में महिलाएं स्वतंत्र एवं सशक्त तो हैं। किंतु क्या वास्तविक स्थिति में महिलाएं उतनी स्वतंत्र एवं इतनी सशक्त हैं। जितना कागजों में दिखाया जाता है। महिलाओं को भारत में सशक्त एवं बलशाली करना है,तो उन्हें बचपन से सकारात्मक प्रेरणा देखकर भाई, बहन, चाचा, मामा के बराबरी का अधिकार देकर उनकी शिक्षा शिक्षा में वैसे बदलाव लाने की आवश्यकता होगी तब भारत में नारी सशक्तिकरण का सही स्वरूप की अवधारणा बलवती हो पाएगी।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे
कालोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

# विवाह में दिखावा नहीं,मन का मिलना जरूरी है

शादी के पहले और शादी के बाद क्या अपनाना पड़ेगा और क्या छोड़ना पड़ेगा, क्या मिलेगा और क्या खोना पड़ेगा, क्या आसान होगा और क्या मुश्किलें आएंगी? अगर इसकी जानकारी हो तो स्थिति को स्वीक ार आसान आसान होगा। वरना अचानक आने वाली अनापेक्षित स्थिति को संभालने में समस्या खड़ी हो सकती है।

लड़के-लड़की की शादी जैसे ही तय होती है तो किस तरह विवाह करना है, कितना खर्च करना है, खाने-पीने की कैसी व्यवस्था होनी चाहिए, उसमें क्या-क्या होपा चाहिए, ड्रेसिंग और ब्युटी के लिए क्या-क्या करना है, इसकी चर्चा चलने लगती है। लड़का-लड़की जब भी मिलते हैं या फोन पर बात करते हैं, कपड़ा, फोटोग्राफी, डेकोरेशन, हनीमून प्लेस पर डिस्कस करते हैं। विवाह समारोह हमारे यहां इतना ग्लोरिफाई किया जा चुका है कि चमकदमक वाली शादी हैप्पी मैरिज की सीढ़ी है यह मान्यता लोगों के दिमाग में घुस चुकी है। जबकि बाहरी दिखावे की वजह से विवाह को आनंददायक बनाने के लिए मानसिक पहचान और भविष्य की तैयारी के बारे में कुछ खास कवायत नहीं होती। जिससे शादी के बाद आने वाली नई-नई स्थितियों में एडजस्ट होने में परेशानी आती है। केवल भौतिक मामलों से अगर वैवाहिक जीवन सुखी होता तो धनी लोग दुखी नहीं होते। शादी के पहले क्या अपनाना पड़ेगा और क्या छोड़ना पड़ेगा, क्या मिलेगा और क्या खोना पड़ेगा, क्या आसान होगा और क्या मुश्किलें आएंगी, अगर इसकी जानकारी हो तो स्थिति को स्वीकार करना आसान होगा। अचानक आने वाली अनापेक्षित स्थिति को संभालने में समस्या खड़ी हो सकती है।

लड़कियों को वैवाहिक जीवन में उनकी अपेक्षाएं क्या हैं, इस बात को छुपाए बिना स्पष्ट जाहिर कर देनी चाहिए। वर्किंग वुमन हैं तो घर में कितना समय दे सकती हैं? रसोई आदि की जिम्मेदारी कितनी संभाल सकती हैं। अगर सामने वाला पात्र फूडी है तो आप नई-नई रेसिपी बनाने की शौकीन हैं? घर के काम नहीं कर सकेंगी तो नौकर रखने की छूट है? हसबैंड हाउसहोल्ड एक्टिविटी में कितना सपोर्ट करेगा? तह सब पहले से जान लेने पर लड़की अपनी अपेक्षा बता सकेगी।चर्चा द्वारा डीच का रास्ता पहले से ही निकल सकेगा।

साफ्टवेयर इंजीनियर सृष्टि का आफिस दस बजे से था। ऊसने पहले ही कह दिया था कि वह दस बजे तक रसोई नहीं मैनेज कर सकती। उसकक सास इस बात पर राजी हो गई थी।अगर शादी के बाद आप अफना काम या नौकरी शुरू करती हैं तो ससुराल का खितना सपोर्ट मिलेगा? यह पहले ही जान लें। आरवक एमढीएस थी। ससुराल वाले भी संपन्न थे। इसलिए उसने सोचा की ससुराल विले क्लिनिक खुलवा देंगें। पर ससुराल वालों ने मना कर दिया। नौकरी उस रास नहीं आई। उसका कैरियर बीच में लटक गया, जिसखी वजह से रोज झगड़ा होता है अलग से।

दूसरी महत्वपूर्ण बात है लड़के का स्वभाव। खानरानी और सत्यता किसी के माथे पर नहीं लिखी होती। इसलिए पता लगाना जरूरी है। आप उदार हैं तो सामने वाला पात्र मक्खीचूस तो नहीं है। यह भी पता करें कि आप के फ्रेंड-ब्वॉयफ्रेंड के प्रति कितना उदार है? शंकालु स्वभाव का है थोड़ी युक्ति से पता लगाया जा सकता हैं। हेत्वी का उसके फ्रेंड के साथ सोशल मीडिया पर फोटो देख कर उसके मंगेतर को शक हुआ। इस बात को ले कर दोनों में झगड़ा हुआ और सगाई टूट गई। अगर ऐसा शादी के बाद हुआ होता तो? लड़का सपोर्टिव है? आप ऊसकी अपेक्षाओं पर खरी उथर सकती हैं? उसके लिए ब्युटी-ब्रेन या लव क्या महत्वपूर्ण है। तमाम सुंदर लड़कियां शादी के बाद पति को सुंदर के अलावा और कुछ नहीं दिखाई देतीं। तब वे बेचैनी महसूस करते हैं। वे खुद को एक आब्जेक्ट फील करते हैं।

अगर आप कमाऊ हैं? तब आप के पैसे की प्लानिंग किस तरह होगी? आज भी तमाम घरों में पत्नी खो अपना पूरा वेतन पति को सौंप देना पड़ता है। कुछ घरों में तो सास अपना हक समझती है। शादी के बाद पति-पत्नी का सब कुझ साझा होता है। मैं से हम बनने की प्रक्रिया यानी शादी। फिर भी थोड़ी सावधानी, थोड़ी व्यावहारिकता रखने में गलत क्या है?मां-बाप मेहनत कर के बेटी को पढ़ाते हैं तो बेटी की भी इच्छा मां-बाप की मदद करने की होती है। व्यक्तिगत शौक भी हो सकते हैं। तो इसके लिए आजादी की मानसिकता के बारे में बातबात में पति कर लेना चाहिए। सामने वाले व्यक्ति का पहले से माइंड सेट करना जरूरी है।

भारतीय शादियों में इन लॉज अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। आप के इन लॉज का सामाजिक रुतबा, स्वभाव, एटीट्यूड, अपेक्षाओं को जानो और समझो। एक लड़की ने इसलिए सगाई तोड़ दी, क्योंकि उसकी सास को काम का ऑब्सेशन था। आप उनकी अपेक्षाओं के साथ कितना मैच कर सकती हैं, इसका पता करें। उनकी सामाजिक मानसिकता कैसी है? व्यवहार को कितना महत्व देते हैं? स्पष्ट कहने की आदत है या बात को गोल-गोल करने की आदत है? आप के शौक और खुशी को किस तरह लेता है? पाजिटिव है या निगेटिव? लड़का पत्नी डोर अपने हाथ में रखना चाहता है या स्वतंत्रता प्रिय है? ये सभी बातें लड़की को मानसिक रूप से तैयार होने में मदद करती हैं। आप भी अपनी बात कह सकती हैं। इसके अलावा देवर और ननद की जिम्मेदारी आप पर कितनी आएगी, यह भी स्पष्ट होपा चाहिए।

तमाम लोगों का कहना है कि शादी में कुंडली के बजाय मेडकल रिपोर्ट देखना चाहिए। पर ऐसा होता नहीं है।थायरायड, थेलेसेमिया, बीपी, शुगर जैसी बीमारियां आज कॉमन हैं। पर भविष्य में ये परेशानी खड़ी कर सकती हैं। जरा भी संभावना लगे तो जांच कराने में शरम नहीं करनी चाहिए। आज युवकों में फर्टिलिटी की समस्या बढ़ी है। स्वास्थ्य अच्छा न हो तो बच्चे के लिए समस्या आ सकती है। इसी तरह दुर्घटना या सर्जरी के बारे में भी पता करना जरूरी है। वादी के धोखा खाने से अच्छा है पहले ही सब चीज के बारे में पता कर लें। लड़के के परिवार का सामाजिक स्टेटस और बिहैवियर जानना भी जरूरी है। घर में पिता या भाई की स्मोकिंग या ड्रिंकिंग की आरत हो तो लड़के में भी आ सकती है। पिता गुस्सैल या पत्नी के साथ मारपीट करता हो तो लड़के की भी ऐसी मानसिकता हो सकती है। फैमिली पर कर्ज हो, फ्रेंड सर्कल बहुत कम हो या समाज के लोग इज्जत से न देखते हों, तो सोचविचार कर ही रिश्ता जोड़ना चाहिए। हो सकता है लड़का अच्छा हो, पर चेतने वाला नर ही सदा सुखी रहता है।

यह सब जानने के बाद क्या निर्णय लेना है, यह आसान हो जिता है। ऐसा नहीं है कि हर बित आरपार की ही होती है। आने वाली बहू के लिए अब लड़कों का परिवार भी बदलने लगा है। उसकी भी इच्छा का सम्मान किया जाने लगा है। पर इसके लिए आप की अपनी बात कहने की भाषा और शैली महत्वपूर्ण है। स्पष्टता और नम्रता को साथ रख कर चलना पड़ेगा। थोड़ा आप बदलेंगी तो थोड़ा वे बदलेंगें।

जबकि इस सब के साथ परस्पर पैदा होने वाला लगाव महत्वपूर्ण है। कोर्टशिप पीरियड के दौरान पसंद गलत नहीं है यह भाव तो पैदा ही होना चाहिए। प्रेम-सेक्स और शादी के बारे में नई पीढ़ी के लड़के काफी बोल्ड बन चुके हैं। इमोशनल अफेयर या वन नाइट स्लीप जैसी आधुनिकता का साथ होना जरूरी नहीं। आप कमिटेड हैं कमिटमेंट की आशा रखने का आप का अधिकार है। आप उनखे कैरियर में सपोर्ट कर रही हैं तो यह अपेक्षा आप भी रख सकती हैं। अगर विवाह को सफल बनाना है तो दोनों को शादी के पहले ही सब कुछ तय करना होगा।



**वीरेन्द्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

# विज्ञान व अवैज्ञानिकता परोसते लोग

भारत देश हजारों सालों से अंधविश्वास, पाखंड ढोते आ रहा है।आज भी देश के कोने कोने में अंधविश्वास ढोते और परोसते लोग मिल जाएंगे।देश में अशिक्षा का स्तर कम हो रहा है और लोग शिक्षा को अत्यधिक महत्व देने लगे हैं।परंतु शिक्षा का स्तर ऊपर उठने के बाद भी दकियानूसियत हमारा पीछा नहीं छोड़ रही है।हमारे देश के संविधान में भी वैज्ञानिक सोच बढ़ाने की बात की गई है।लेकिन क्या सभी लोग वैज्ञानिक सोच को महत्व देते हैं?भारत की सामाजिक व्यवस्था काफी जटिल है।चार वर्ण, वर्ण में जातियां और जातियों में गोत्र एक ऐसी व्यवस्था है जहां अपनी जाति को उच्च मानने का रिवाज रहा है।सभी वर्ण और जातियों के अपने अलग अलग आस्था के प्रतीक हैं और जब आस्था की बात आती है तो बेफिजूल कर्मकांड, पाखंड, अंधविश्वास भी देखने को मिलता है।वैसे भी भारत में कई धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं।अलग अलग धर्म के हिसाब से अलग अलग कर्मकांड।इन कर्मकांडों में फंसा व्यक्ति वैज्ञानिकता को बहुत कम तरजीह देता है,फलतः अवैज्ञनिकता अपनी स्थिति मजबूत कर लेती है।

देश के पढ़े लिखे वर्ग किसी भी स्थिति में आस्था से अलग हो तर्क वितर्क को महत्व नहीं देता।ऊपर से ये टी वी धारावाहिक और फिल्म जैसे माध्यम लोगों को तर्क करने देना ही नहीं चाहते और लगे रहते हैं पारलौकिक गाथाएं, तंत्र मंत्र, भूत प्रेत, नाग नागिन, चमत्कार जैसे विषयों को परोसने में।थोड़े से आस्था का तड़का लगाकर ये लोगों को वैज्ञानिक सोच की ओर से विमुख कर देते हैं।वैज्ञानिक सोच का प्रमुख आधार है तर्क।तर्क करने से नई सोच विकसित होती है और नए सोच से नए आविष्कार होते हैं।जब तर्क ही नहीं होगा तो आविष्कार कहां से होंगे। अवैज्ञनिकता परोसने में धारावाहिक व फिल्मों के अलावा आज के लेखकों के कुछ लेख भी बराबर के जिम्मेदार हैं।कई ऐसे लेखक, साहित्यकार भी हैं जो परंपरा के नाम पर लोगों के सामने ऐसे लेख व रचनाएं प्रस्तुत करते हैं जो तर्क करने की क्षमता पर विराम लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।लेखक यदि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कोई लेख लिखता है, तब बात अलग है लेकिन उनका प्रमुख कर्तव्य है कि लोगों के अंदर तर्क वितर्क करने और सोचने की क्षमता अपने लेखों के जरिए बढ़ाया जाए।कई ऐसी बातें पढ़ने, सुनने को मिलती है जो विज्ञान की नजर में संभव ही नहीं, निराधार भी हैं।पर क्या हम परंपरा व प्राचीनता के नाम पर आंख मूंदकर किसी बात को स्वीकार कर लें?किसी भी बात पर अंधश्रद्धा हमें अशिक्षित साबित करने की ओर धकेल देता है नए नए आविष्कार, टेक्नोलॉजी के इस दौर में वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से कुछ लोग विज्ञान को ही चुनौती देने लग जाते हैं।हालांकि उनका मक़सद भावनाओं से खेलकर जल्दी से जल्दी आर्थिक लाभ प्राप्त करना होता है जिन्हें लोग जल्द ही सिर माथे पर बिठा लेते हैं और यह भी नहीं देखते कि वह असल में कैसा व्यक्ति है।लोगों के भावनात्मक आस्थागत कमजोरी को ऐसे लोग बखूबी समझते हैं।लगभग सभी धर्मों में ऐसे लोग मिल जाएंगे जो पानी पी पी कर विज्ञान को भला बुरा कहते हैं।वैसे ये भी सच है कि विज्ञान को गाली देने वाले विज्ञान की सहायता से ही चमत्कार करते हैं,जिनके पीछे लोग खिंचे चले जाते हैं।उनके चमत्कार को भला तभी कह सकते हैं जब बहुत ज्यादा जनमानस को उससे परोक्ष लाभ हों।

विज्ञान जितना हमारे लिए जरूरी है उतना ही खतरनाक भी।लेकिन खतरनाक तभी होता है जब उसका प्रयोग गलत कार्यों के लिए किया जाए।वस्तुतः विज्ञान हमारे लिए सहायक ही है जिनके जरिये हम प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकते हैं, हो रहे हैं।पुरातन सोच हमें जहां के तहां रख सकता है लेकिन विज्ञान हमें नये नये सोच की ओर ले जाते हैं, नए आविष्कार के लिए सतत प्रेरित करते हैं।वैज्ञानिक दृष्टिकोण व तार्किकता के कारण आज विश्व में नास्तिक लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है।आज विज्ञान हमें ब्रह्मांड के रहस्यों से परिचित करा रहा है, लोग चांद पर जा चुके हैं और मंगल ग्रह पर जाने की तैयारी में हैं।करोड़ों किलोमीटर दूर के ग्रहों के बारे में सटीक जानकारी दे रहे हैं।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

## भोले खुशियां भरते

बिन कारण तो भोले हमको,
श्वांसें तक नहीं देते हैं,
फिर क्यूं इंसा ऊंचा उड़ता ,
हदें पार कर देता हैं।
बिन कारण....
इसका इतना उसका उतना,
में पढ़कर खुद रोता हैं,
जो खुशी भोले ने दी उसको,
तार-तार कर देता हैं।
बिन कारण......
कर्मों का जो भोग लिखा है,
भोले उसको खुद पढ़ते,
जो जन मन को पावन रखता,
भोले खुद खुशियां भरते।
बिन कारण....
अपने अंतस को धोखा दे,
अहं में जो जीता रहता,
वही दिखावे की दुनिया में,
मन ही मन पछताता है।
बिन कारण .......
अच्छाई पर चलता है जो,
भोले भी खुश होते हैं,
मुस्कानों के ढेर पर चलकर,
जीवन अपना जीते हैं।
बिन कारण .....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

## माँ

देती जन्म है
तू जन्मदात्री देवी
माँ तू महान ।
प्रथम गुरु
पाठशाला तुम्हीं हो
ज्ञान बाँटती ।
प्यार लुटाती
सारा दुःख सहती
ममतामयी ।
माँ ही राहत
खुशियों की बहार
दुःखों की दवा ।
रूप सलोना
ममता बरसाती
आँखों में मोती ।
हँसती सदा
परिवार चलाती
एक माँ ही है ।
जीत दिलाती
दुनिया से लड़ती
तू वन्दनीय ।
माँ तू धन्य है
ममता की मूरत
जगजननी ।
माँ ही दुआ है
माँ से बड़ा ना कोई
माँ ही संसार ।
देवत्व रूप
चरणों में जन्नत
भोली-भाली माँ ।



**मुकेश उइके मयारू**
चेपा,पाली,
कोरबा
छत्तीसगढ़

## मां जादूगरनी है



क्या जादू मां के हाथों में
जिसको छू ले स्वाद अपरंपार
पता नहीं कैसी जादूगरनी?
होता हर सवाल का जवाब
इतना दर्द ,तकलीफ सहकर भी
कैसे हंस लेती ?
खोकर सुख-चैन हंसा देती
कैसे करती है ये जादू तू
खाने से उठ जाती नींद से उठ जाती
गिले बिस्तर पर सो जाती
दिन भर करके काम बिना थके
करके काम कैसे खेले लेती संग मेरे
कभी-कभी सोचती हूं
बन पाऊंगी मां जैसी
कभी-कभी चल भी नहीं पाती
उठने में दे देते घुटने जवाब
फिर भी बना देते पसंद का खाना
मैं समझ ना पाती हूं मां को
सोचती हर बार हूं समझ गई
फिर फिर कर देती अचंभित
मेरे बच्चे भाई के बच्चों को हंसा लेती
उम्र के इस पड़ाव पर करती पहरेदारी
आज भी हमारी बीमारी में
रात भर जग जाती
पता नहीं कैसे कर लेती है मां
लगाती जब भी सीने से मुझे
भूल जाती सारे गम सीमा
तनहाई में हो अगर
देख तुझे खुश हो जाती हूं।



**सीमा रंगा**
इन्द्रा
हरियाणा

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
सरगुजा- सूरजपुर-समाचार
अम्बिकापुर, सोमवार 15 मई 2023



# 12 नग दो पहिया वाहन के साथ आरोपी गिरफ्तार,चोरी कर रख देता था गिरवी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मई 2023
(घटती-घटना)।

बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी काफी आदतन है। वह शहर व आस पास के क्षेत्रों से कुल 12 नग बाइक चोरी कर छुपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी शहर से आए दिन बाइक चोरी हो रही है। पुलिस द्वारा लाख प्रयास के बाद भी बाइक चोरी की घटनाएं नहीं रूक रही है। वहीं पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मिशन अस्पताल से 27 फरवरी को मणिपुर थाना क्षेत्र निवासी सुरेंद्र कुजूर की बाइक अज्ञात चोरों ने मिशन अस्पताल से पार कर दी थी। वह अस्पताल में भर्ती भाई को देखने आया था। वह मामले की रिपोर्ट पुलिस सहायता केन्द्र में दर्ज कराया था। वहीं शहर से लगातार हो रही बाइक चोरी को देखते हुए एसपी ने विशेष टीम का गठन कर आरोपियों को धर पकड़ के निर्देश दिए थे। पुलिस संदेहियों पर निगरानी रखी थी। इसी क्रम में पुलिस ने रविवार को बंगाली चौक स्थित मिश्रा होटल के पास एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह कुछ समय पहले मिश्रा होटल के पास से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम जरहाडीह निवासी रविदास उर्फ पीयूष को गिरफ्तार कर उसे थाने लोकर सख्ती से पूछताछ की तो वह शहर के जिला न्यायालय, मिशन हॉस्पिटल, जिला अस्पताल, बस स्टैंड, कंपनी बाजार सहित अन्य जगहों से कुल 12 नग बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। वह बाइक चोरी कर अपने घर जरहाडीह में 7 नग व 5 नग अन्य जगहों पर छुपाकर रखने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली उपनिरीक्षक रूपेश नारंग, चौकी प्रभारी मणीपुर उपनिरीक्षक प्रमोद पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, विशेष टीम से सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, आरक्षक आशीष चौहान, सतेंद्र दुबे, संजीव चौबे, राहुल सिंह, बृजेश राय, मुकेश चौधरी, गणेश कदम, मुकेश कंसारी शामिल रहे।



## बाइक चोरी कर रख देता था गिरवी

पुलिस ने बताया कि आरोपी काफी आदतन है। वह पूर्व मे भी बाइक चोरी के मामले में जेल जा चुका है। जेल से छुटने के बाद पुन~ चोरी के काम में लगा था। इधर लगातार हो रही बाइक चोरी से पुलिस संदेहियों पर निगरानी बनाए हुए थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर मिश्रा होटल के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बतौली जरहाडीह से बीच बीच में अंबिकापुर आकर लावारिस टाइप का घुमते रहता था और मौका पाकर बाइक चोरी की घटना को अंजाम देता था। बाइक चोरी करने के बाद वह अपने गांव चला जाता था। पुलिस ने आरोपी के बारे में बताया कि वह अपने गांव से आकर शहर व आस पास के क्षेत्रों से बाइक चोरी कर घर ले जाता था और गांव में किसी गरीब व्यक्ति के हाथों दो से तीन हजार में गिरवी रख देता था और कहता था कि एक दो सप्ताह में इसका कागज देंगे। आरोपी रविवार को चोरी की बाइक से ही बंगाली चौक स्थित मिश्रा होटल के पास पहुंचा और उक्त बाइक को वहां खड़ा कर दिया। इसके बाद मौका देखकर दूसरी बाइक चोरी कर वहां से चलता बना। इसके बाद पुन~ आकर पहले वाली चोरी की बाइक को ले जाने आया तो पुलिस ने उसे पकड़ा है।

# सद्भावना ग्राम तकिया में पानी टंकी का निर्माण किया शून्य



- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मई 2023
(घटती-घटना)।

सद्भावना ग्राम तकिया में मुख्यमंत्री घोषणा मद से पानी टंकी निर्माण में स्थान परिवर्तन करने और निर्धारित मापदंड का पालन न करने की शिकायत पर जिलापंचायत निर्माण समिति के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने निर्माण शून्य कर निर्धारित स्थान पर नए सिरे से निर्माण करने का निर्देश दिए हैं।

सरगुजा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीणों की मांग पर सद्भावना ग्राम तकिया में ओवरहेड पानी टंकी निर्माण की घोषणा की थी। डीएमएफ से इसके लिए 15 लाख रुपये की स्वीकृति मिली थी, निर्माण एजेंसी पीएचई की बजाए जनपद पंचायत को बना दिया गया। बिना उपयुक्त तकनीकी अमले के ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कराया जा रहा था। गांव के कतिपय प्रभावशाली लोगों द्वारा दबावपूर्वक चयनित स्थल की जगह एक पेड़ के निर्माण कराया जाने लगा जिससे टंकी की ऊंचाई प्रभावित होने लगी।ग्रामीणों की शिकायत और जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी और जिपं निर्माण समिति के अध्यक्ष राकेश गुप्ता मौके पर पहुचें। उन्होंने प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित जगह पर काम न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल काम बंद कर इस निर्माण को शून्य घोषित करने का निर्देश दिया। दक्ष तकनीकी अमले के निर्देशन में ग्राम पंचायत द्वारा चयनित स्थल पर नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विनय शर्मा, जिला महामंत्री सैय्यद अख्तर,प्रवक्ता आशीष वर्मा,बीडीसी सतीश यादव,सहित जनपद का तकनीकी अमला और पंचायत प्रतिनिधि ,ग्रामीणजन मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार यवुक की मौत मौके पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार रविशंकर पिजा जयलाल उम्र 30 वर्प मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढोर का रहने वाला था। वह पलंबर का काम करता था। शनिवार की रात को अंबिकापुर से काम कर बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में सांड़बार बैरियर के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# शेर बहादुर पर एफआईआर कर कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए : सर्वेश्वर दास

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मई 2023
(घटती-घटना)।

संतों व सनातन के ऊपर आघात अत्याचार हो रहा है और जगह-जगह हमला किया जा रहा है। साथ ही कुछ दिन पूर्व संत गहिरा गुरु के पुत्र के साथ पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसका विरोध हमारे द्वारा किया जा रहा है और आने वाले समय में कार्रवाई नहीं हुई तो इसका विरोध पुरजोर तरीके से किया जाएगा। उक्त बातें रविवार को शहर के सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष सर्वेश्वर दास ने कही। उन्होंने कहा कि हिन्दु सनातनी सतों पर होते अत्याचार अब नहीं सहा जाएगा। संत समाज प्रकृति का उपासक संत समाज वनाचल में रहने वाले अपने बंधु बांधवो का कृतज्ञ है। जिन्होंने तरू नद नीर और जीवों की पूजा के साथ मानवीय संवदेना को भी जीवंत रखा है। छत्तीसगढ़ राज्य को इस दृष्टि से सनातन मूल्यों के रक्षक के साथ सामाजिक समरसता का ध्वजवाहक भी कहा जाता है। लेकिन हमारे वैदिक ग्रंथों और मान बिन्दुओं को निशाने पर लिया जा रहा है। विश्व जानता है कि सनपातन हिन्दु दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम के साथ सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय और प्राणि मात्र के कल्याण का पक्षधर है। धर्म की प्रधानता सदाचार मुक्त जीवन हिन्दु राष्ट्र सनातन का लक्ष्य रहा है। उनको साथ लेकर संत समाज अपनी हिन्दु पहचान और सनातन परंपरा को जीवंत एव जागृत बनाए रखना चाहता है।

सर्वेश्वर दास ने कहा कि सांबर आश्रम के सत गेन्दबिहारी के साथ जो हुआ आज तक नहीं हुआ। संत समाज छत्तीसगढ़ राज्य के सभी पवित्र सनातन धर्म को चोट पहुंचाने का षडयंत्र चल रहा है। तो दूसरी ओर धर्मांतरण, तस्करी लव जिहाद और भूमि जिहाद जैसी विकट समस्याएं देश के समक्ष बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता है हिन्दु समाज के माध्यम से कहना चाहते है कि तत्काल शेर बहादुर जैसे अपराधियों पर एफआईआर कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। अन्यथा पूरे प्रदेश में जगह जगह संत सभाकर आत्मरक्षा का संकल्प तो दिलायेंगे ही पर हिन्दु अत्याचार का प्रचार भी करेंगे, साथ हि प्रतिकार करेंगे।



## गांवों में मंदिरों का करवाया जा रहा निर्माण

युवा मोर्चा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि जिन गांवों और सुदूर अंचल में मंदिर की स्थापना नहीं हुई है वहीं चंगाई सभा और धर्मांतरण का खेल जोरों पर चल रहा है जिसको देखते हुए हर गांव में एक मंदिर का निर्माण कराने की कवायद भी की जा रही है।प्रबल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांवों में मंदिरों का निर्माण करवाया जा रहा है।

# सोनार उत्थान समाज का महिला जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष को मनोनीत किया गया

- संवाददाता -
सूरजपुर,14 मई 2023
(घटती-घटना)।

मंगल भवन में सोनार उत्थान समाज के ब्लॉक अध्यक्ष महिला जिला अध्यक्ष को मनोनीत किए जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया था इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में परशुराम सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी उपस्थित थे बैठक की अध्यक्षता नथुनी सोनी ने की इस बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश सोनी प्रदेश के प्रमुख सलाहकार, रामाश्रय सोनी, सीए. अरुण कुमार गुप्ता उपस्थित थे! बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठ महिला एवं युवा सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से महिला जिला अध्यक्ष संजू सोनी ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा सोनी महिला ब्लॉक अध्यक्ष रीता सोनी युवा ब्लॉक अध्यक्ष संजू सोनी को मनोनीत किए जाने की मांग की इस मनोनयन की अनुशंसा कंचन सोनी सूरजपुर जिला अध्यक्ष रामलाल सोनी सूरजपुर युवा जिला अध्यक्ष ने सरगुजा संभाग प्रभारी परशुराम सोनी एवं शिवराम सोनी संभाग अध्यक्ष से कि इन्हें मनोनीत किए जाने की मांग की संभाग प्रभारी संभाग अध्यक्ष ने उन्हें मान्यता प्रदान की एवं हार्दिक बधाई दी अपने दायित्व पर सफल हो की शुभकामनाएं दी बैठक के प्रारंभ में राम भगवान एवं विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी ने उद्बोधन करते हुए समाज में शिक्षा के प्रति ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष को जागरूक करने की प्रेरणा दी एवं समाज में फैली हुई कुरीतियां नशा मुक्त समाज बाल विवाह पर रोक सभी युवाओं को स्वयं के रोजगार को प्रोत्साहित करने पर बल दिया सुरेश सोनी प्रदेश के प्रमुख सलाहकार ने कहा परशुराम सोनी ने समाज का नेतृत्व किया उनके साथ सुरेश सोनी शिवराम सोनी रघुनाथ सोनी के प्रमुख सहयोग से आज पूरे संभाग में समाज के 20000 लोगों को एक मंच पर लाया सभी जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष से निवेदन किया है कि समाज के हित में काम करें यदि आपको दायित्व मिला है तो समाज हित में कार्य करना होगा समाज की कुरीतियों को दूर करने में मदद करें कंचन सोनी ने कहा कि हमें संगठन को मजबूत करना है ऐसा संगठन कभी नहीं हुआ परशुराम सोनी की अगुवाई में यह संगठन संभाग में पूरा हुआ रामलाल सोनी ने कहा कि समाज के सभी वर्ग को हमें साथ लेकर चलना है आर्थिक रूप से कमजोर समाज के लोगों को ऊपर उठाना है केंद्र सरकार राज्य सरकार की सभी योजनाओं को हमारे ब्लॉक अध्यक्ष हर घर तक पहुंच जाए जिससे समाज के लोगों का विकास हो सके इस कार्यक्रम में कुमारी नंदिनी सोनी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जयनगर जिला सूरजपुर कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 91.3त्न अंक प्राप्त कर सूरजपुर जिले के साथ-साथ समाज के नाम को भी रोशन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि परशुराम सोनी ने उन्हें सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन रामलाल सोनी रविकांत सोनी ने किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोपाल सोनी सुरेंद्र सोनी कुंजबिहारी सोनी जगन्नाथ सोनी विजय सोनी दशरथ सोनी, सीए. अरुण कुमार गुप्ता, डॉ सुनील सोनी प्रदीप सोनी गणेश सोनी राधेश्याम सोनी दीप नारायण सोनी राजन सोनी सतीश सोनी शिवराज सोनी अंकुर सोनी दशरथ सोनी गुप्तेश्वर सोनी श्याम बाबू सोनी संतोष सोनी बलराम सोनी निर्मला सोनी संजू सोनी शंकर सोनी सुनीता सोनी प्रतिमा सोनी प्रीति सोनी जवाहर सोनी अनमोल सोनी लीना सर्राफ सुमनलता सोनी गिरजा सोनी लता सोनी किरण सोनी प्रतिभा सोनी संजू सोनी शंकर प्रसाद सोनी दीप नारायण सोनी घनश्याम सोनी अशोक सोनी अंबिका सोनी अंकुर सोनी सुरेश सोनी अरुण सोनी पप्पू सोनी विजय सोनी शंकर सोनी संजय सोनी उमा शंकर सोनी बिहारी सोनी प्रवीण सोनी सिद्धार्थ सोनी ऋतिक सोनी सच्ची सोनी दिनेश सोनी अरविंद सोनी प्रभु दयाल सोनी राजेंद्र सोनी हिमांशु सोनी संजय सोनी विजय सोनी धर्मा सोनी अजय सोनी अनिरुद्ध सोनी सुरेश सोनी अशोक सोनी अक्षेवर सोनी महेंद्र सोनी रोशन सोनी श्रवण सोनी कमलेश सोनी वीरेंद्र सोनी जगतपाल सोनी विकास सोनी बलभद्र सोनी बंधन कुमारी सोनी जयप्रकाश सोनी भूपेंद्र सोनी गायत्री सोनी ऋषि सोनी राधा कृष्ण सोनी अलका सर्राफ संजय सोनी बिहारी सोनी लक्ष्मी सोनी संतोष सोनी विनोद सोनी गिरिवर सोनी सुमित सोनी लालता प्रसाद सोनी कामता सोनी नीरज सोनी बनारसी सोनी हरेक लाल सोनी गिरजा शंकर सोनी कन्हैया सोनी सुमन सोनी गीता सोनी कमलेश सोनी राम आशीष सोनी नंदलाल सोनी जयप्रकाश सोनी अभिषेक सोनी इनके अलावा समाज के वरिष्ठ महिला युवा प्रेम नगर श्रीनगर ब्लॉक भैयाथान ब्लॉक ओडगी ब्लॉक बिश्रामपुर ब्लॉक भटगांव जरही ब्लॉक प्रतापपुर ब्लॉक सूरजपुर ब्लॉक से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों उपस्थित थे।





# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 मई 2023
(घटती-घटना)।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गोपाल रजवार पिता रामकुमार रजवार उम्र 38 वर्ष प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चेवरा का रहनेवाला था। वह शुक्रवार को बाइक से गांव के ही महेश राजवाड़े के साथ रिश्तेदार के घर ग्राम बोदा गया था। वहां से शनिवार को वापस लौट रहे थे। रास्ते में बोदा के पास ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान गोपाल की मौत हो गई। जबकि महेश का इलाज चल रहा है।

# ठगी के मामले में फरार आरोपी इटावा उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा विगत सप्ताह एटीएम कार्ड बदलकर प्रार्थियों के खाते से पैसा आहरण करने वाले शातिर गिरोह का खुलासा किया गया था। शातिर गिरोह द्वारा सरगुजा जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 25 से अधिक ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था जिसमें मुख्य आरोपी मुकेश सोनी की गिरफ्तारी सरगुजा पुलिस द्वारा छतरपुर से की गई थी, ठगी के मामले मे शामिल सह आरोपी महेंद्र सिंह साकिन मैनपुरी उत्तरप्रदेश घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। आरोपी महेंद्र सिंह पूर्व मे हत्या के मामले में तिहाड़ जेल में निरूद्ध था उसी दौरान कॉन्ट्रैक्ट किलर मुकेश सोनी से दोस्ती हुई थी, दोनों आरोपी पैरोल से फरार होने के पश्चात मिलकर लगातार ठगी की घटना को अंजाम दे रहे थे। मामले को संज्ञान मे लेकर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन मे पुलिस अधीक्षक सरगजा भावना गप्ता के निर्देशन में ठगी के मामले में शामिल फरार आरोपी के गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम का गठन कर फरार आरोपी के सम्बन्ध मे सूचनाएं एकत्रित कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा था। दौरान जांच विवेचना ठगी के मामले में फरार सह आरोपी के सम्बन्ध में साइबर सेल से आवश्यक तकनिकी जानकारी प्राप्त कर संयुक्त पुलिस टीम दिल्ली रवाना कि गई थी, पुलिस टीम को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी महेंद्र सिंह दिल्ली में निवास कर रहा हैं एवं अपने करीबी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने इटावा अंतर्गत बिधूना थाना क्षेत्र में आ रहा है। सुचना पर तत्काल सरगुजा पुलिस की संयुक्त टीम इटावा उत्तरप्रदेश पहुंचकर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर आरोपी कि रेकी कर मौके पर मुखबिर भी तैनात किये गए थे। मुखबिर द्वारा आरोपी के विवाह स्थल से निकलने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा आरोपी का पीछा कर इटावा से दिल्ली जाने वाली हाईवे पर करीब 180 किलोमीटर तक पीछा करते हुए आगरा उत्तरप्रदेश में घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो अपना नाम महेंद्र सिंह पिता उजागर सिंह उम्र 34 वर्ष साकिन नागलाकेरी बेवर मैनपुरी उत्तरप्रदेश का होना बताया, आरोपी के पास से अलग-अलग बैंकों के करीब 20 नग एटीएम कार्ड बरामद हुआ है। आरोपी से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर पूर्व मे गिरफ्तार आरोपी मुकेश सोनी के साथ मिलकर एटीएम की अदला बदली कर प्रार्थियों के खाते से नगद राशि आहरण कर ठगी कि घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपी द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं, आरोपी पूर्व मे हत्या के मामले मे दिल्ली जेल मे निरुद्ध होकर सजा काट रहा था जेल से पैरोल मिलने के पश्चात से फरार होकर सम्पूर्ण मामले मे शामिल हुआ था आरोपी के सम्बन्ध मे दिल्ली पुलिस को भी अग्रिम कार्यवाही हेतु सुचना भेजी जाती हैं। कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रमोद पांडे, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, सहायक उपनिरीक्षक लल्लन गुप्ता, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, सतीश सिंह, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह, अनुज जायसवाल, अशोक यादव, दिनेश यादव, रूपेश महंत, अतल शर्मा शामिल रहे।



15 MAY 2023 Ambikapur_Layout 2 5/15/2023 1:03 AM Page 4



# पाक मंत्री अहसान इकबाल ने इमरान पर कसा तंज,कहा- PTI प्रमुख एक 'गंदे सौदागर' के रूप में सामने आए

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान),14 मई 2023।** पाकिस्तान के योजना और विकास मंत्री अहसान इकबाल ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान पर तंज कसा। इकबाल ने कहा है कि इमरान खान एक गंदे नेता के रूप में सामने आए हैं। यह जानकारी पाकिस्तानी मीडिया ने दी।

अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में बोलते हुए इकबाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया था कि कैबिनेट ने विचाराधीन लेनदेन को मंजूरी दे दी थी। इकबाल ने यह भी आरोप लगाया कि तत्कालीन कैबिनेट सचिव ने सरकार को सूचित किया था कि पूर्व-जवाबदेह शहजाद अकबर ने इमरान को एक सीलबंद लिफाफा सौंपा था।

उन्होंने कहा कि इमरान ने लिफाफे के बारे में सभी को बताया और यह महत्वपूर्ण मामला भी स्वीकार कर लिया गया। और जब अन्य मंत्रियों ने मामले के बारे में पूछताछ की, तो इमरान ने उन्हें झिड़क दिया और चुप करा दिया। इकबाल ने कहा, इस तरह इमरान ने कैबिनेट द्वारा अनुमोदित मलिक रियाज के साथ ÷गंदा सौदा÷ किया था।

उन्होंने कहा, ÷इमरान साहब, आप एक गंदे सौदागर के रूप में सामने आए हैं।÷ योजना मंत्री ने यह भी कहा



है कि मीडिया के अनुसार, संपत्ति व्यवसायी मलिक रियाज पर लगाए गए जुर्माने को निपटाकर, इमरान खान ने अल-कादिर विश्वविद्यालय के नाम पर 650 कनाल भूमि प्राप्त की थी।

उन्होंने कहा, जब रसीद देने की आपकी बारी आई, तो आप रो रहे हैं? जब रसीद देने की बारी आई, तो आपने सब कुछ जला दिया? इसलिए आपके पास रसीदें नहीं हैं और आपके पास जवाब भी नहीं है? उन्होंने आगे कहा कि इमरान हिंसा और अराजकता के पीछे छिपना चाहते हैं।


इससे पहले पाकिस्तान के योजना और विकास मंत्री अहसान इकबाल ने पूर्व पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर संसद, देश की सेना और पीटीवी पर हमला करने के लिए पीटीआई की आलोचना की और कहा कि पीटीआई ने खुद को ÷राजनीति की जमात÷ से हटा लिया है और ÷आतंकवादियों की जमात÷ में शामिल हो गया है।

अहसान इकबाल ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, आज पाकिस्तान में पीटीआई ने खुद को राजनीति की जमात से हटाकर आतंकियों की जमात में शामिल कर लिया है। पाकिस्तान के दुश्मनों को खुश कर दिया। पहले पीटीवी पर हमला, फिर पाकिस्तान की संसद पर हमला और अब सैन्य संगठन पर हमला। आतंकवाद किसे कहते हैं? विदेशी फंडिंग मुफ्त में नहीं आती।

अहसान इकबाल का यह बयान मंगलवार (9 मई) को पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में विरोध-प्रदर्शन के संदर्भ में आया है। हालांकि खान को गिरफ्तारी के दो दिन बाद शुक्रवार (12 मई) को रिहा कर दिया गया था।

# चक्रवाती तूफान मोका का कहर,पानी में डूब जाएगा बांग्लादेश का ये द्वीप

**ढाका, 14 मई 2023।** चक्रवाती तूफान मोका का प्रकोप जैसे जैसे बढ़ रहा है, वैसे ही तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, जैसे जैसे चक्रवाती तूफान मोका और खतरनाक होगा तो वैसे ही बांग्लादेश का एक द्वीप पानी में डूब जाएगा। हालांकि ये अस्थायी तौर पर होगा और कुछ देर बाद द्वीप से पानी उतर जाएगा। बांग्लादेशी अधिकारियों ने बताया कि %बांग्लादेश के द्वीप सेंट मार्टिन पर किसी बुनियादी ढांचे का विकास नहीं हुआ है। जब तूफान का प्रकोप बढ़ेगा तो इसके असर से पानी सेंट मार्टिन द्वीप के एक तरह से चढ़कर दूसरी तरफ निकलेगा। इसके चलते कुछ देर के लिए सेंट मार्टिन द्वीप पानी में डूब जाएगा।



**तटीय इलाकों में बारिश शुरू**

मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तूफान का असर बढ़ जाएगा तो उसके असर से द्वीप पानी में डूब सकता है। हालांकि लंबे समय तक ऐसा नहीं रहेगा। बांग्लादेशी मौसम विभाग का कहना है कि तूफान का केंद्र म्यांमार है, जिसका असर बांग्लादेश के कोक्स बाजार में भी रहेगा। बांग्लादेश के तटीय इलाकों में बारिश शुरू हो चुकी है।

मोका तूफान के चलते बांग्लादेश के मध्य-पूर्वी खाड़ी और उसके नजदीकी इलाकों में तेज हवाएं चलेंगी। हवाओं की स्पीड 210 किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है। तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इनमें चट्टोग्राम, फेनी, नोआखली, लक्शमीपुर, चांदपुर, बारिशल, पुतुआखली, झालाकाथी, पिरोजपुर,बारगुना और भोला जैसे इलाके शामिल हैं।

# तब आप पैदा भी नहीं हुए थे, जब मैं...इमरान ने पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता को दिया खुला चैलेंज



**इस्लामाबाद, 14 मई 2023।** पाकिस्तान में पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान मुखर होकर सेना की आलोचना कर रहे हैं। अब अपने ताजा बयान में इमरान खान ने सेना को खुला चैलेंज देते हुए कहा है कि अगर वह राजनीति करना चाहते हैं तो अपनी राजनीतिक पार्टी बना लें। इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी का नाम लेकर उनपर निशाना साधा।

**सेना पर जमकर बरसे इमरान**

जेल से रिहा होने के बाद इमरान खान ने शनिवार को लाहौर में अपने आवास पर एक जनसभा को संबोधित किया। बता दें कि पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के चीफ मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने हाल ही में इमरान खान को अपने एक बयान में पाखंडी कहा था। इस पर निशाना साधते हुए इमरान खान ने कहा कि सुनो मिस्टर डीजी आईएसपीआर....तब आप पैदा भी नहीं हुए थे, जब मैं दुनिया में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा था और इसका नाम रोशन कर रहा था। तुम्हें, मुझे पाखंडी कहने पर शर्म आनी चाहिए।

**राजनीतिक पार्टी क्यों नहीं बना लेती सेना**

इमरान ने कहा कि आप राजनीति कर रहे हैं तो आप अपनी राजनीतिक पार्टी क्यों नहीं बना लेते। आपको किसने अधिकार दिया कि आप मेरे ऊपर इस तरह के आरोप लगाएं। ऐसा बोलते हुए कुछ तो शर्म करो। पीटीआई चीफ ने कहा कि जब वह प्रधानमंत्री थे तो सेना की छवि अच्छी थी लेकिन जब तत्कालीन आर्मी चीफ ने मेरी पीठ में छुरा घोंपा और पाकिस्तानी के सबसे भ्रष्ट लोगों को सत्ता में लेकर आए तो लोगों ने सेना की आलोचना करना शुरू किया। सेना की आलोचना मेरी वजह से नहीं बल्कि पूर्व आर्मी चीफ की वजह से हो रही है।

**ईस्ट पाकिस्तान जैसी ज्यादती हो रही पीटीआई पर**

बीते दिनों इमरान खान की गिरफ्तारी पर पाकिस्तान में जमकर हिंसा हुई थी। इसे लेकर इमरान खान ने कहा कि हमले में अज्ञात लोग शामिल थे लेकिन सरकार ने पीटीआई नेताओं और पार्टी के 3500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टियां नहीं चाहती कि हम चुनाव लड़ें, इसलिए हमारे खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि ईस्ट पाकिस्तान (बांग्लादेश) की तरह उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ छापेमारी और गिरफ्तारियां हो रही हैं।

इमरान खान ने कहा कि देश में न्यायपालिका ही उम्मीद की आखिरी किरण है। सरकार मीडिया पर नियंत्रण कर रही है और सोशल मीडिया को भी बैन किया जा रहा है।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र और यूक्रेन युद्ध पर अहम चर्चा, जयशंकर ने विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

**नई दिल्ली, 14 मई 2023।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फ्रांस, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, साइप्रस, लातविया, लिथुआनिया और रोमानिया के अपने समकक्षों के साथ यहां बैठकों के दौरान हिंद-प्रशांत और यूक्रेन युद्ध सहित कई मामलों पर चर्चा की है। जयशंकर ईयू हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) में भाग लेने के लिए स्वीडन की तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को स्टॉकहोम पहुंचे थे।

**फ्रांस की विदेश मंत्री से की मुलाकात**

ईआईपीएमएफ से अलग शनिवार को एस जयशंकर ने अपने समकक्षों से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट करते हुए लिखा, %फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना से मिलकर खुशी हुई। बैस्टिल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को सफल बनाने को लेकर उनकी तरह उत्साहित हूं। हिंद-प्रशांत और जी-20 पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी 14 जुलाई को फ्रांस के बैस्टिल दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने मोदी को पेरिस में होने वाली परेड में शामिल होने का निमंत्रण भेजा था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ परेड में भाग लेगी।

**अन्य नेताओं से भी मिले जयशंकर**

जयशंकर ने ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग से भी मुलाकात की




और कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। जयशंकर ने ट्वीट किया, अपने मित्र और ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री शालेनबर्ग के साथ गर्मजोशी से और सार्थक चर्चा हुई। गतिशीलता और प्रवासन संबंधी समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वैश्विक मुद्दों, विशेष रूप से यूक्रेन और हिंद-प्रशांत पर चर्चा की।

बेल्जियम की विदेश मंत्री हादजा लाहबीब के साथ पहली बैठक में जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने बुल्गारिया के विदेश मंत्री इवान कोंडोव के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया और मजबूत होते द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस के साथ भी मुलाकात की।

जयशंकर ने लातविया के विदेश मंत्री एडगर्स रिंकेविक्स से भी मुलाकात की और यूक्रेन विवाद के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने लिथुआनिया के विदेश मंत्री गेब्रिलस लैंड्सबर्गिस से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, लिथुआनिया के विदेश मंत्री लैंड्सबर्गिस के साथ द्विपक्षीय सहयोग और हिंद-प्रशांत पर एक अच्छी बातचीत हुई। जयशंकर ने यूक्रेन में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए चलाए गए अभियान 'ऑपरेशन गंगा' में सहयोग देने के लिए अपने रोमानियाई समकक्ष बोगदान ऑरेस्कु को धन्यवाद दिया। जयशंकर बांग्लादेश से स्वीडन पहुंचे हैं, जहां उन्होंने शुक्रवार को छठे हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधित किया था।

**स्वीडिश समकक्ष से जयशंकर की व्यापक चर्चा**

विदेश मंत्री जयशंकर ने रविवार को अपने स्वीडिश समकक्ष टोबियास बिलस्ट्रॉम के साथ व्यापक चर्चा की और हिंद-प्रशांत, यूरोपीय रणनीतिक स्थिति और वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर यूरोपीय संघ के हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) में भाग लेने के लिए स्वीडन की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।

उन्होंने ट्वीट किया, भारत और स्वीडन के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर विदेश मंत्री के साथ व्यापक चर्चा हुई। द्विपक्षीय सहयोग को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई गई। हिंद-प्रशांत, यूरोपीय रणनीतिक स्थिति और वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की पहली स्वीडन यात्रा है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और स्वीडन राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल मना रहे हैं। स्वीडन वर्तमान में यूरोपीय संघ (ईयू) की परिषद की अध्यक्षता कर रहा है। जयशंकर ने स्वीडन के रक्षा मंत्री पाल जोंसन से भी मुलाकात की और दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

ईएफटीए के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मिले पीयूष गोयल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, आज ब्रसेल्स में स्विस फेडरल काउंसिलर गाइ पारमेलिन के नेतृत्व में ईएफटीए के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। दोनों पक्षों के साथ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग,

व्यापार को बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

# तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन के लिए बड़ी चुनौती, खत्म हो सकता है दो दशकों का शासन,चुनाव आज

**नई दिल्ली,14 मई 2023।** तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के लिए रविवार को होने वाले राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव काफी चुनौती भरे होने वाले हैं। ये चुनौती उनके दो दशक के शासन को भी समाप्त कर सकता है। तुर्किये में हुए सर्वे के हिसाब से एर्दोगन मुख्य विपक्षी उम्मीदवार केमल किलिकदारोग्लु से पीछे चल रहे हैं। इस चुनाव में अगर किसी भी उम्मीदवार को 50 फीसदी से कम वोट मिलते हैं तो 28 मई को रन ऑफ होगा।

तुर्किये में छह परवरी को भूकंप के झटके में 50,000 से अधिकी लोगों की मौत हो गई थी। इस संकट के तीन महीने से कम समय में तुर्किये में चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में एर्दोगन के लिए चुनौतियां और बड़ी हो गई हैं। राष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले शनिवार को एर्दोगन ने इस्तांबुल में अपनी आखिरी चुनावी रैली की थी।

एर्दोगन ने आखिरी चुनावी रैली में विपक्ष को घेरा



लोगों को संबोधित करने के दौरान उन्होंने प्रचार प्रतिबंध लागू होने से पहले विपक्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष को पश्चिमी देशों से आदेश दिया जा रहा है। यदि उनकी सरकार बनती है तो वे पश्चिमी देशों की इच्छाओं के आगे झुक जाएंगे।

विश्लेषकों ने अनुमान लगाया कि राष्ट्रपति की दौड़ में एर्दोगन, मुख्य विपक्षी उम्मीदवार केमाल किलिकदारोग्लु और रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी और छह पार्टी राष्ट्र गठबंधन के लिए उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर होने वाली है।

भूकंप से एर्दोगन के गढ़ को हुआ था ज्यादा नुकसान

तुर्किये के उप विदेश मंत्री ने बताया कि विदेशों में रहने वाले तुर्की के लोगों ने 17 अप्रैल को ही मतदान कर दिया था। बताया जा रहा है कि इस साल फरवरी में आए भूकंप में जिन क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा था, उनमें से ज्यादा राष्ट्रपति एर्दोगन का गढ़ था।

राष्ट्रपति की दौड़ में एर्दोगन और किलिकदरोग्लु के अलावा राइट विंग एंसेस्ट्रल अलाइंस के उम्मीदवार सिनान ओगन भी शामिल है। वहीं सेंट्रिस्ट होमलैंड के उम्मीदवार इंस ने बताया कि उनके खिलाफ चलाए गए बदनामी अभियान के बाद उन्होंने इस दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया था। वे तुर्की के सोशल मीडिया पर हफ्तो तक झूठे आरोपो का सामना करते रहे। साल 2018 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव की रेस में शामिल हुए थे लेकिन एर्दोगन के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

# सेना के दबदबे वाली राजनीति में बदलाव की चाह, थाईलैंड में आज मतदान हुआ सम्पन्न

**बैंकॉक, 14 मई 2023।** रविवार को थाईलैंड में आम चुनाव के लिए मतदान हुआ। युवा मतदाता देश में सेना के प्रभाव वाली राजनीति में बदलाव के लिए वोट दिए। मतदान सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम पांच बजे चला। 52 मिलियन मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल किए। मतदाता 500 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा के लिए वोट किए। इनमें से 400 सीटों पर सीधे मतदान हुआ, वहीं बाकी की 100 सीटें विभिन्न पार्टियों को उन्हें मिले वोट प्रतिशत के आधार पर वितरित की जाएंगी।



**70 पार्टियां मैदान में**

थाईलैंड के आम चुनाव में 70 पार्टियां अपनी किस्मत आजमा रही हैं। थाईलैंड की राजनीति पर सेना का प्रभाव है। दरअसल साल 2014 में थाईलैंड में सेना ने लोगों की चुनी हुई सरकार को हटाकर एक रूढिवादी पार्टी को सत्ता सौंप दी थी। उसके बाद से थाईलैंड की सत्ता पर सेना का दबदबा है। इन चुनाव में युवा मतदाता सैन्य दबदबे वाली सरकार में बदलाव के लिए वोट कर सकते हैं। चुनाव प्रचार के दौरान वहां ये अहम मुद्दा रहा।

**2020 में हुए थे सेना विरोधी प्रदर्शन**


बता दें कि साल 2020 में बड़ी संख्या में युवाओं ने सेना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। ऐसे में उस विरोध प्रदर्शन के बाद हो रहे इन आम चुनाव में सत्ता में बदलाव की काफी उम्मीदें हैं। दो पार्टियां पॉपुलिस्ट फेउ थाई और प्रोग्रेसिव मूव फॉरवर्ड के बीच टक्कर दिख रही है। दोनों ही पार्टियों ने राजनीति से सेना के दबदबे को खत्म करने का वादा किया है।

फेउ थाई पार्टी की तरफ से 36 वर्षीय पेतोंगार्न शिनेवात्रा पीएम पद के उम्मीदवार हैं। वहीं राजशाही समर्थक पार्टी भी चुनाव मैदान में हैं। वहीं साल 2014 में सत्ता संभालने वाले प्रयुत चान ओचा देश के सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले प्रधानमंत्री हो गए हैं। इस बार भी वह चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

# रूस के चार सैन्य विमान मार गिराए, यूक्रेन की सीमा के पास बनाया निशाना

**कीव, 14 मई 2023।** रूस यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष में दोनों तरफ काफी नुकसान हो रहा है। यह संघर्ष न जाने कहां जाकर रुकने यह पाना अभी काफी मुश्किल है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में बताया है कि शनिवार को यूक्रेन की सीमा के पास दो रूसी लड़ाकू जेट और दो सैन्य हेलीकॉप्टरों को मार गिराया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि सू-34 लड़ाकू बमवर्षक, सू-35 लड़ाकू विमान और दो एमआई-8 हेलीकॉप्टरों को पूर्वोत्तर यूक्रेन से सटे ब्रांस्क क्षेत्र में घात लगाकर निशाना बनाया और एक साथ गिरा दिया गया।



इस बीच, रूसी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, पोस्ट किए गए वीडियो में यूक्रेन की सीमा से लगे रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर को स्पष्ट रूप से मार गिराया गया है।

एक रूसी मीडिया ने बताया कि लड़ाकू विमानों को यूक्रेन के चेर्निहाइव क्षेत्र में लक्ष्यों पर एक मिसाइल और बम हमला करना था, और हेलीकॉप्टर उन्हें वापस करने के लिए थे लेकिन इससे पहले वह निशाना बन गए। हालांकि यूक्रेन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, आमतौर यूक्रेन पर रूस के अंदर हमलों की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार करता है।

रूसी युद्ध-समर्थक टेलीग्राम चैनल वोयेन्नी ओस्वेडोमिटेल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में आकाश में एक हेलीकॉप्टर को विस्फोट करते हुए दिखाया गया है, वीडियो में आग की लपटें पृथ्वी पर गिर रही हैं।

# उम्र का अंधापन रोकने को पहला जीन ऑपरेशन,थैरेपी से वंशानुगत अंधेपन का इलाज भी हो सकेगा संभव

**लंदन, 14 मई 2023।**

ऑक्सफोर्ड के शोधकर्ताओं ने उम्र से संबंधित अंधेपन (एएमडी) को रोकने के लिए दुनिया का पहला जीन थेरेपी ऑपरेशन करने का दावा किया है।

ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रॉबर्ट मैकलारेन ने कहा, यह उन रोगियों में दृष्टि को संरक्षित करने के लिए जल्दी दिया जाने वाला आनुवंशिक उपचार में एक जबरदस्त सफलता होगी। मैकलारेन कहा कि ब्रिटेन के जॉन रैडक्लिफ अस्पताल में ऑक्सफोर्ड के जेनेट ओसबोर्न इस प्रक्रिया से गुजरने वाले पहले शख्स थे। इस थेरेपी में जीन की मदद से डीएनए में बदलाव करके मरीज का उपचार किया गया। चिकित्सकों ने आंखों के इलाज की जीन थैरेपी विकसित की है जिसकी मदद से वंशानुगत अंधेपन का इलाज संभव हो सकेगा।



जीन थेरेपी की इस प्रक्रिया में रेटिना को अलग करके और उसके नीचे विशेष प्रोटीन का इस्तेमाल किया गया।

बांग्लादेश ¬ चक्रवात से पहले 50 लाख को सुरक्षित निकाला गया

बांग्लादेश और म्यांमार की तरफ बेहद खतरनाक उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान (मोचा) तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बांग्लादेश ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी समुद्र तट पर हजारों लोगों को तत्काल जगह खाली करने का आदेश दिया है। इस चक्रवाती तूफान से कॉक्स बाजार स्थित दुनिया के सबसे बड़े रोहिंग्या शरणार्थी शिविर को खतरा है। इसे लेकर मौसम कार्यालय ने उच्च स्तरीय अलर्ट जारी किया है। मोचा तूफान के रविवार को तट से टकराने की आशंका के मद्देनजर बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के पास भूस्खलन की भविष्यवाणी की गई है। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे दक्षिण-पूर्वी समुद्र तटों में लाखों लोग खतरे में हैं।


C M Y K

15 MAY 2023 Ambikapur_Layout 2 5/15/2023 1:03 AM Page 5



# आईजी सरगुजा की सख्ती के बाद संभाग में बंद हुआ अवैध कारोबार,अवैध कारोबारियों में दिख रही छटपटाहट

» कोरिया सहित एमसीबी जिले के अवैध कारोबारी इस उम्मीद में बैठे हैं की जल्द तबादला हो आईजी सरगुजा का



- रवि सिंह-
बैकुंठपुर,14 मई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक के पद पर जबसे वर्तमान आईजी की पदस्थापना हुई है तभी से संभाग में अवैध कारोबार पर अंकुश लगा हुआ है और इसकी मुख्य वजह आईजी सरगुजा का निर्देश माना जा रहा है जिसका की सभी जिले की पुलिस पालन भी करती नजर आ रही है और अवैध कारोबारियों को कारोबार फिलहाल बंद रखने का निर्देश सभी जिले में जारी किया जा चुका है। बता दें की नव पदस्थ आईजी सरगुजा अवैध कारोबार को लेकर बड़ी सख्ती में नजर आ रहे हैं और उनका निर्देश है की संभाग में अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाय और सभी जिलों की पुलिस निर्देश का पालन करती नजर भी आ रही है। सबसे ज्यादा असर अविभाजित कोरिया जिले में आईजी सरगुजा के निर्देश का देखा जा रहा है जहां कोयला,कबाड़ के अवैध कारोबार पर फिलहाल पूरी तरह से रोक लगी हुई है और अवैध कारोबारियों में छटपटाहट भी देखी जा रही है।

अविभाजित कोरिया जिले में बड़े स्तर पर होता चला आ रहा है अवैध कोयले और अवैध कबाड़ का कारोबार- अवैध करोबार वैसे तो सरगुजा संभाग के सभी जिलों में होता चला आया है लेकिन अविभाजित कोरिया जिले की बात करें तो यहां कोयले और कबाड़ का अवैध कारोबार बड़े स्तर पर कई वर्षों से चला आ रहा है और इस पर अंकुश कभी भी पूरी तरह नहीं लग सका है। कोयले और कबाड़ के कारोबारियों को वर्तमान आईजी सरगुजा के कार्यकाल के पूर्व कभी कारोबार में दिक्कत नहीं आई थी और वह बेफिक्र होकर यह अवैध कारोबार करते चले आ रहे थे और जिसकी जानकारी भी सार्वजनिक थी। अब जब नए आईजी ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की बात सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक से कही है तभी से अवैध कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगा हुआ है और अब अवैध कारोबारी छटपटा रहें हैं। अवैध कारोबारियों में अवैध कारोबार बंद होने को लेकर चिंता देखी जा रही है और वह परेशान भी नजर आ रहे हैं।

### आईजी सरगुजा के तबादले की उम्मीद लगाए बैठे हैं...अवैध कारोबारी

अविभाजित कोरिया जिले में अवैधकारोबारी आईजी सरगुजा के तबादले की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बताया जा रहा है की अवैध कारोबारियों को उम्मीद है की आईजी सरगुजा का तबादला होते ही अवैध कारोबार फिर से जारी हो सकेगा और उनका धंधा चल निकलेगा। वैसे आईजी सरगुजा की पदस्थापना हाल में ही हुई है और अभी तबादले की उम्मीद भी कम है लेकिन अवैध कारोबारी उम्मीद के ही सहारे बैठे हुए हैं ।

### क्या पूरी तरह बंद होगा अवैध कारोबार सरगुजा संभाग में

सरगुजा आईजी के सख्त तेवर की वजह से फिलहाल सभी जिलों में अवैध कारोबार जरूर बंद है लेकिन यह हमेशा के लिए बंद होगा यह एक बड़ा सवाल जरूर खड़ा होता है।

बता दें की कोयले और कबाड़ के अवैध कारोबार के लिए सरगुजा संभाग काफी बदनाम रहा है और आजतक इसे पूरी तरह बंद कर पाना किसी भी पुलिस अधिकारी के लिए भी संभव नही हो सका है और देखना यह होगा की क्या वर्तमान आईजी इस पर पूरी तरह अंकुश लगा पाने में सफल हो पाते हैं या नहीं।

### एक वर्ष में कई करोड़ों का होता है संभाग में अवैध कोयले और कबाड़ का कारोबार

सरगुजा संभाग खासकर अविभाजित कोरिया जिले की बात करें तो यहां अवैध कबाड़ और कोयले का कई करोड़ों का कारोबार एक वर्ष में होता है और यह सभी कुछ सभी की जानकारी में होता है और सभी को इसमें हिस्सा भी प्रदान किया जाता है। कबाड़ और कोयले के कारोबार में संलिप्त लोगों को कारोबार करने की पूरी छूट मिलती चली आई है और उनका मनोबल भी लगातार बढ़ता चला गया है और कई बार वह इसमें बाधा बनने वालों के जान के दुश्मन भी बन चुके हैं जो देखा जा चुका है।




अब जब वर्तमान आईजी ने इन कारोबारों पर अंकुश लगाया है देखना है यह कितने दिनों तक बंद रहता है।

### आईजी सरगुजा लगातार ले रहें हैं अवैध कारोबार मामले में पुलिस अधीक्षकों की बैठक

जैसा की बताया जा रहा है सरगुजा आईजी लगातार अवैध कारोबार मामले में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ले रहें हैं और सख्त हिदायत भी वह दे रहें हैं की अवैध कारोबार किसी भी हाल में जारी न होने पाए। पुलिस अधिक्षक भी आईजी के सख्त तेवर की वजह से अवैध कारोबार को लेकर सख्त नजर आ रहे हैं और पूरी तरह अवैध कारोबार बंद है।

### आईजी सरगुजा के कामों की हो रही है सराहना

आईजी सरगुजा के अवैध कारोबार मामले में सख्ती की हर तरफ सराहना हो रही है और अवैध कारोबार बंद होने पर लोग प्रसन्न भी नजर आ रहे हैं। बता दें की कोयला सहित अवैध कबाड़ की गाड़ियां रात में इतनी तेजी से रहवासी इलाकों से गुजरती हैं की यदि कोई गलती से सामने आ जाए तो उसका बचना बिल्कुल मुस्कील ही है और इसी वजह से लोग प्रसन्न हैं।

### बड़े कोयला चोर हैं पस्त,सायकल सहित मोटरसाइकिल से कोयला ढोने वालों से पुलिस की वसूली है जारी

अवैध करोबार भले ही बड़े स्तर पर बंद हो गया हो खासकर कोयला चोरी का कारोबार लेकिन छोटे कोयला चोर अब मोर्चे पर हैं और सायकल मोटरसाइकिल से वह कोयला परिवहन कर रहें हैं। बड़े कोयला चोरों के पस्त होने के बाद पुलिस की वसूली भी साइकल मोटरसाइकिल से कोयला चोरी करने वालों से जारी है और जमकर यह वसूली हो रही है।

# भाजपाईयों को कुछ ज्यादा ही पसंद आ रही है द केरल स्टोरी फिल्म

» भाजपाइयों से ही गंगा श्री सिनेफ्लेक्स भरा रहा

» बैकुंठपुर के गंगाश्री में भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने देखी मूवी

» भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल भी युवाओं के साथ हुए शामिल












- रवि सिंह -
बैकुंठपुर,14 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय स्थित बैकुंठपुर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने सिनेप्लेक्स में द केरला स्टोरी देखा। युवाओ के उत्साहवर्धन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल भी पहुंचे, जायसवाल ने हिन्दूओं और युवा युवतियों को ज्यादा संख्या में मूवी देखने के लिए अपिल करते हुए कहा है कि सभी यह फिल्म को जरुर से जरुर देखें क्यों कि देश में किस प्रकार से यह फ़िल्म धर्मांतरण का खेल चल रहा है इसे देखकर हिन्दूधर्म के लोगों को जागरूक होना जरूरी है।

केरल में युवतियों के ब्रेनवाश कर उन्हें धर्मपरिवर्तन करने, उनका शोषण करने और आतंकवादी संगठनों से जोड़कर उनका शोषण, बलात्कार ,अपहरण और हत्या जैसी वास्तविक निर्मम घटनाओं से जुड़ी है।

यह घटना केरल में विगत कई वर्षों से युवक युवतियों को धर्म परिवर्तन कराकर उन्हें नरक की जिंदगी में धकेला जा रहा है। खुफिया एजेंसियों की जांच में बेहद चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। द केरला स्टोरी सच्ची घटना पर बनाई गई मूवी है, जिसमे तीन लड़कियों जिनमे से दो हिन्दू और एक ईसाई लड़की के साथ धोखा देकर किये गए क्रूर अत्याचार की कहानी दिखाई गई है। मूवी देख रहे दर्शक ने सच्ची घटना पर बनी इस मूवी को देखकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि समाज की लड़कियाँ और लड़के इस मूवी को जरूर देखें और जागरूक हों कि किस तरह से आतंकवादी संगठन लव जेहाद को संरक्षण दे रहे हैं। केरल राज्य में लगातार हिन्दू और ईसाइयों के बच्चे इस षणयंत्र का शिकार हो रहे हैं, यही स्थिति देश के कई राज्यों में है।

जिलाध्यक्ष हितेश ने कोरिया के सभी युवक युवतियों से आग्रह किया है कि देश और समाज के भविष्य के लिए इस मूवी को परिवार सहित देखें। इस दौरान मुख्य रूप से उपाध्यक्ष कमलेश साहू कमलेश राजवाड़े सच्चीदान्द द्रिवेदी उमाशंकर बंटी महामंत्री प्रखर गुप्ता कुणाल जायसवाल मंत्री रमेश तिवारी अनिल राजवाड़े सहकोषाध्यक्ष अंकित जायसवाल अश्वनी सिंह गोलू जंप सदस्य रामचन्द्र राजवाड़े सूजंय जैन श्री राम दूबे सुरेश राजवाड़े प्रविंद सिंह राजेश यादव शक्ति मान साहू मंयक राठौर सुनिल साहू सरद सिंह तथा अन्य कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

हिंदू बेटियों के पलकों को देखना चाहिए इस फिल्म को- पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने फिल्म देखने के बाद कहा हर हिंदू बेटी को शालिनी से फातिमा बनने की कहानी को देखना चाहिए। हिंदू पालकों को अपनी बेटी को ये फिल्म दिखाना चाहिए और लव जिहाद जैसे दंश से बचने जागरूक करना चाहिए। मैं छत्तीसगढ़ शासन से मांग करता हूं,छत्तीसगढ़ की बेटियों के हित के लिए इस फिल्म को टैक्स फ्री करें। फिल्म को देखने वरिष्ठ भाजपाई जवाहर गुप्ता, रविशंकर शर्मा, राजेश सिंह,भानु पाल, सुभाष साहू, शंकर सोनी,अंचल राजवाड़े,सत्यम साहू, रामसुन्दर राजवाड़े, रंजन शर्मा, अविनाश सिंह, दिलीप गुप्ता और युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 17 मई से

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,14 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रेसीडेंट क्लब द्वारा आयोजित मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 17 से 28 मई तक हाई स्कूल ग्राउंड स्थित मिनी स्टेडियम में किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता वर्ष 2011 से लगातार शहर में आयोजित की जा रही है जिसमें नपा मनेंद्रगढ़ की सभी 22 वार्ड की टीमें हिस्सा लेती हैं। टूर्नामेंट को लेकर क्लब की बैठक रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में क्लब के अध्यक्ष, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों सहित सभी वार्ड के कैप्टन उपस्थित रहे। क्लब के अध्यक्ष

अधिवक्ता आशीष सिंह ने बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट की भव्य तैयारियां की गई हैं। सभी मैच आईसीसी नियम के तहत् खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच 10 ओवरों के खेले जाएंगे। वहीं सेमीफाइनल और फाइनल 12-12 ओवर के खेले जाएंगे। एम्पायर का निर्णय सर्वमान्य होगा। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट का फिक्सचर शीघ्र रिलीज किया जाएगा जिससे सभी वार्ड की टीमों को उनके मैच के संबंध में विस्तृत जानकारी मिलेगी बैठक में उपस्थित सभी वार्ड के कैप्टन ने टूर्नामेंट में खेल भावना का परिचय देते हुए शहर का नाम रौशन करने की बात कही।

# क्या पूरी तरह से बैकुंठपुर विधानसभा विकसित हो चुका..यहां विकास की जरूरत नहीं..यही वजह है कि विधायक निधि के पैसा खर्च नहीं हुआ ?

» कमाल की हैं विधायक, अपने निधि का 42 लाख लेप्स कराया

» अगर यह सच है तो जनता से माफी मांगें:देवेन्द्र तिवारी

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,14 मई 2023 (घटती-घटना)।

विधायकों को मिलने वाली निधि जहां विकास में खर्च होनी चाहिए वहां पर विधायक अपनी निधि को खर्च करने में असमर्थ दिख रहे हैं, जहां अविभाजित कोरिय में तीन विधायक आते हैं 2 विधायकों ने अपनी निधि को अपने क्षेत्र के लोगों के लिए विकास में खर्च कर दिया पर वही बैकुंठपुर विधानसभा की विधायक अपने निधि के पैसे का भी पूरा इस्तेमाल नहीं कर पाई जिस वजह से उनकी निधि का पैसा भी लैप्स हो गया, जबकि उनके विधानसभा में विकास की कई संभावनाएं हैं या तो विधायक के नजरिया से इस विधानसभा में विकास पूरा हो चुका है या फिर विकास कहां करना है यह विधायक को जानकारी नहीं? पूर्व जिपं सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि विधायक निधि की राशि तक को खर्च न कर पाने का अद्भुत कीर्तमान बैकुंठपुर की विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने बनाया है। उन्हें इस बात की जानकारी मिली है कि 42 लाख रुपये के विकास कार्यों का स्थानीय विधायक ने प्रशासन को प्रस्ताव ही नहीं दिया जिसके आधार पर राशि खर्च की जा सके। यही कारण है कि विकास के लिए आया इस वर्ष का पैसा जो जनता के लिए होता है वो लेप्स हो गया। श्री तिवारी ने कहा कि बैकुंठपुर विधानसभा में वैसे भी पिछले 04 वर्षों में बहुत ही कम निर्माण और विकास कार्य हुए हैं।



तिवारी ने आरोप लगाया कि जनपद सदस्यों द्वारा किये जाने वाले विकास कार्यों को भी स्थानीय अधिकारियों ने स्थानीय विधायक के दबाव पर रोक कर रखा है। संसदीय सचिव होने के बावजूद यदि विकास के पैसों को इस तरह से रोकेंगी तो फिर जनता शांत क्यों रहेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार छोटे बड़े विकास कार्यों की मांग की जाती है आखिर क्या कारण है विकास कार्यों के लिए आई राशि खर्च नहीं हो पा रही है। निश्चित ही यह भ्रष्टाचार एवं निष्क्रियता का स्पष्ट उदाहरण है। श्री तिवारी ने कहा कि विधायक निधि की राशि का लेप्स होना जनहित के विरुद्ध है। संसदीय सचिव को इस पर आमजन से माफी मांगनी चाहिए।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटाडोल में कक्षा 10 वी में 93.75 एवं कक्षा 12 वी में 85.71 प्रतिशत रहा परिणाम

ईस्नु प्रसाद यादव
मनेंद्रगढ़ ,14 मई 2023 (घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र विकासखण्ड भरतपुर के कोटा डोल मे विद्यालय में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम में अध्यन कर रहे विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रौशन किया है। कक्षा दसवीं में टोटल परीक्षाफल 93.75त्न वही दसवीं कक्षा कक्षा प्रथम छत्रपति सिंह 92.75 प्रतिशत तथा द्वितीय मायावती सिंह 86.53 प्रतिशत तृतीय मानसिंह 85.2प्रतिशत से अपना स्थान प्राप्त किया 12वीं कक्षा में प्रथम पार्वती 73.8प्रतिशत कृषि संकाय द्वितीय स्थान पर खेमलता 73.4प्रतिशत कृषि संकाय तथा तीसरे स्थान पर राजवती 72.2 प्रतिशत कृषि संकाय लाकर कक्षा में अपना स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य श्री जीआर किस्पोट्टा ने व्यवसायिक शिक्षक श्री नवीन शंकर पांडे और हरिशंकर भारिया सहित विद्यालय के सभी शिक्षक को बधाई दी और छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# भूपेश सरकार सभी क्षेत्रों में बहा रही विकास की गंगा:कमरो

» विधायक कमरो ने किया 1 करोड़ से अधिक के सीसी निर्माण कार्य का भूमि पूजन

ईस्नु प्रसाद यादव
मनेन्द्रगढ़, 14 मई 2023 (घटती-घटना)।

सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से मुहैया कराने के साथ प्रदेश के संवेदनशील भूपेश सरकार हर वर्ग के हित के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। गाँव में पक्की सडक़ का निर्माण होने से जहां आवागमन में सहूलियत होगी वहीं विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

उक्त बातें सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर- सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने रविवार को भरतपुर विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर कुल 1 करोड़ 35 लाख 75 हजार रूपए की लागत से बनने वाली सीसी सडक़ निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान कही। विधायक कमरो ने ग्राम पंचायत जनकपुर में मुख्य सडक़ भट्ठीपारा से सीताराम अगरिया के घर तक 400 मीटर सीसी सडक़, इसी प्रकार ग्राम पंचायत जमथान में मुख्य सडक़ से सरपंच पारा तक 600 मीटर, ग्राम पंचायत हर्रई में मुख्य सडक़ से हरिजन पारा तक 700 मीटर एवं ग्राम पंचायत कोटाडोल के दक्षिणपारा में 500 मीटर सीसी सडक़ निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में कच्ची सडक़ में कीचड़ की वजह से आवागमन में होने वाली परेशानियों को देखते हुए पक्की सडक़ की मांग लंबे समय से की जा रही थी, अब पक्की सडक़ का निर्माण होने से ग्रामीण सहजतापूर्वक आवागमन कर सकेंगे। विधायक कमरो ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार सभी क्षेत्रों में विकास की गंगा बहा रही है। आप सभी को क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को संवारकर रखना होगा। कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही होने पर उन्होंने ग्रामीणों से तत्काल इसकी सूचना उन्हें देने को कहा। इस दौरान विधायक कमरो ने जनकपुर, जमथान, हरई एवं कोटाडोल में सघन जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। यहां ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में अब तक हुए बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों और उससे मिल रहे लाभ की विस्तार से जानकारी ली साथ ही विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल लगाकर विधायक ने ग्रामीण जनों की समस्याएं भी सुनीं और उनकी मांग पर कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।








C M Y K

15 MAY 2023 Ambikapur_Layout 2 5/15/2023 1:03 AM Page 6



# प्रेमनगर-मनरेगा से निर्मित अमृत सरोवर योजना में मजदूरों के जगह पर कार्य कराया जेसीबी मशीन से

## जनपद सीईओ और पीओ के खिलाफ हो चुका है शिकायत,जांच लम्बित

**- ओमकार पांडेय -**
**सूरजपुर /प्रेमनगर,14 मई 2023 (घटती-घटना)।**

जनपद पंचायत के अफसर लापरवाह होकर शासन की योजनाओं पर जमीन और नही उतार पा रहे है। जनता में प्रशासन के प्रति आक्रोश है। मजदूरों से कार्य कराया जाना था। उन कार्यो को मशीनों से कराकर जनता के हक में भर डाका नही डाल रहे बल्कि शासन के आदेशों की खुलेआम अव्हेलना हो रहा है।

दरअसल मामला प्रेमनगर जनपद पंचायत का है। यहां पदस्थ मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी लापरवाह है। इनके सरंक्षण में खुले आम मनरेगा कार्यो में अनिमियता किया जा रहा है। ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के बरपारा में स्थित मनरेगा योजना के तहत अमृत मानसरोवर बड़ा तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। इस तालाब को मजदूरों से खन्न कराया जाना था कि स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिल सके, किन्तु ग्राम के रोजगार सहायक तकनिकी सहायक, मनरेगा पीओ के सरंक्षण में मजदूरों के बजाए जेसीबी मशीन लगाकर तलाब की खोदाई कर दी, बल्कि मिट्टी को सड़क के किनारे स्थित घर के सामने भी डाल दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी मशीन लगाकर कार्य कराने की बात गाँव मे हल्ला होने के बाद पंचायत के पदाधिकारी, रोजगार सहायक द्वारा कार्य बंद करा दिया गया और मशीन हटाकर मजदूरों से कार्य कराया गया था। ताकि मशीन के निशान धरातल नही दिखे। इस कार्य मे फर्जी मास्टर रोल भर कर राशि आहरण किया जा रहा है।





बतादें कि प्रेमनगर जनपद पंचायत में अनिमियता करना कोई पहला मामला नही है। इससे पूर्व यहां पदस्थ पूर्व में दो मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आर्थिक अनिमियता किया जा चुका है। तत्कालीन मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी निर्मल श्याम द्वारा करीब 50 - 70 लाख रुपये का राशि मैनुवल मास्टर रोल के माध्यम से मिट्टी से राशि आहरण कर लिया था। साथ ही कई कार्यो के नाम से जमीन पर कार्य हुए बगैर ही राशि आहरण कर लिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा दो मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को सेवा समाप्त किया जा चुका है। जिसके बाद एक कार्यक्रम अधिकारी जिसने अनिमियता किया था उसे रामानुजनगर का मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्रेमनगर विकास खण्ड के मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, जनपद सीईओ के खिलाफ कई शिकायत जिला प्रशासन से किया जा चुका है। कई शिकायत की जांच लम्बित है। हाल ही में रीपा योजना के तहत कार्य धरातल में हुए बगैर कागज में बगैर मूल्यांक के ही भुगतान करने का मामले कि शिकायत जिला पंचायत में किया जा चुका है। जिसके बाद भी जांच करने अफसर नही आये है।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत जनता की जीतः शिव भजन सिंह मरावी

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,14 मई 2023 (घटती-घटना)।**



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने कर्नाटक में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत को जनता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने भ्रष्टाचार और नफरत के खिलाफ जनादेश देकर भाजपा को नकारा है। उन्होंने कर्नाटक में जीत के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, पदाधिकारी व कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ ही कर्नाटक की जनता का आभार जताया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मरावी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की निर्णायक जीत से साबित होता है कि वहां की जनता सच के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तानाशाही कर भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने पर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की थी आज उसी भ्रष्टाचार के चलते कर्नाटक की जनता ने उन्हें राज्य से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक में नफरत फैलाने का प्रयास करने के साथ ही सत्ता का पूर्ण दुरूपयोग किया लेकिन जनता ने सांप्रदायिक राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया। भाजपा द्वारा हमेशा कांग्रेस मुक्त भारत की बात कही जाती है। लेकिन खुद भाजपा राज्यों से मुक्त होती जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मरावी ने कहा कि कर्नाटक चुनाव के नतीजे से साफ होता है कि बजरंग बली कांग्रेस के साथ है। बजरंग दल को बैन करने के मुद्दे को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बनाते हुए धार्मिक तौर पर जनता को भड़काने का काम किया। बावजूद इसके भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सभी तरह के हथकंडे अपनाएं। धर्म और भावनाओं की राजनीति करने वाले बीजेपी के लोगों को जब लगने लगा कर्नाटक विधानसभा में हार सुनिश्चित है। तब हर बार की तरह नया पैंतरा खेलते हुए लोगों की भावनाओं का खिलवाड़ करते हुए फिर से धर्म की आड़ में लोगों को भड़काने की असफल कोशिश की गई, कर्नाटक में हुई ऐतिहासिक जीत से अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं में और ज्यादा आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# द्वितीय हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में 7847 प्रकरणों का हुआ निराकरण



**- संवाददाता -**
**कोरबा,14 मई 2023 (घटती-घटना)।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर दिनांक 13 मई 2023 को सभी मामलों से संबंधित नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।डी0एल0 कटकवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के आतिथ्य में एवं विशिष्ठ अतिथि श्री बी. राम, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कोरबा, अपर सत्र न्यायाधीश कु. संघपुष्पा भतपहरी, अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा श्रीमती ज्योति अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक कोरबा हरीश चंद्र मिश्र, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, बृजेश राय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक कोरबा के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो श्रीमती रिचा यादव एवं मंजीत जांगडे, श्री संजय जायसवाल, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, कोरबा, नूतन सिंह ठाकुर, सचिव जिला अधिवक्ता संघ कोरबा, श्री बी.के. शुक्ला, सदस्य, छ0ग0 राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में उपस्थित थे। नालसा थीम सांग न्याय सबके लिये के साथ नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। जिसमें न्यायालय में कुल 11992 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 2013 एवं प्री-लिटिगेशन के 9979 प्रकरण थे। जिसमें राजस्व मामलों के 6999 प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के कुल प्रकरणों सहित 7847 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में समझौते के आधार पर हुआ।

### सक्सेस स्टोरी-

बेसहारा बुजुर्ग दंपत्ति को मिला न्याय तीन वर्षों से लंबित प्रकरण का हुआ राजीनामा आधार पर निराकरण

01. मान. सत्र न्यायाधीश/मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण कोरबा

मोटर दुर्घटना दावा 15/2021
खण्डपीठ क्र. - 01

दिनांक 02.08.2020 को आवेदक बुजुर्ग दंपत्ति के जवान पुत्री की मृत्यु मोटर दुर्घटना में हो जाने के कारण आवेदकगणों के द्वारा समस्त मदों में कुल 16,60,000/- रूपये क्षति रकम प्राप्त करने हेतु, अनावेदक के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 166 के अंतर्गत मान. न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था। उक्त घटना में पीड़ित अपने दाहिने पैर का पंजा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लंबे चले उपचार के दौरान पीडिता की मृत्यु हो गई थी।ऐसे में मृतिक जो बुजुर्ग दंपति की एकमात्र संतान थी के मृत्यु के पश्चात् बेसहारा बुजुर्ग दंपत्ति आवेदकगणों के लिये अत्यंत कठिन हो चला था। प्रकरण में आवेदकगण एवं अनावेदक (बीमा कंपनी) ने हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत में संयुक्त रूप से समझौता कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का लाभ लेते हुए आवेदकों ने 3,25,000/- रूपये (तीन लाख पच्चीस हजार रूपये) बिना किसी डर-दबाव के राजीनामा किया जिसे आज दिनांक से 30 दिवस के भीतर अदा किए जाने का निर्देश दिया गया इस प्रकार घर बैठे बुजुर्ग आवेदकों को जीवन जीने का एक सहारा नेशनल लोक अदालत ने प्रदान किया।

# मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन सिंह मरावी की उपस्थिति में तीन दिवसीय गायत्री माता के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,14 मई 2023 (घटती-घटना)।**

हरिहरपुर में तीन दिवसीय गायत्री माता के प्रशिक्षण के समापन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन सिंह मरावी रहे उद्बोधन करते हुए मरावी ने कहा हम सब एक भारत मां के पुत्र हैं माता गायत्री केकई स्वरूप है काली मां उन्हें कहा जाता है दुर्गा मां उन्हें कहा जाता है गणेश भगवान उन्हें कहा जाता है तथा आपके शरीर पर सरस्वती का वास है जो आप वास्तव में हर कार्य को सरस्वती वास करता है तभी कर पाते हैं इसलिए समय का ध्यान जरूर दो जो समय का ध्यान दिया उसका बेड़ा पार कोई ब्रह्मांड भी नहीं रोक पाएगा समय से खाएगा समय से उठेगा समय से सुनेगा और समय से सब काम को करेगा जब समय से उठेगा नहीं तो समय से नहीं आएगा नहीं तो समय से खाएगा नहीं और समय से पूजा नहीं करेगा और समय से विद्या नहीं करेगा क्योंकि आदमी के पास समय कम रहता है कम का मतलब हमारे 8 घंटा का समय है उसमें हमको सारा काम दिन में ही करना रहता है रात में हम सब सोते हैं और रात में किसी और कोई काम नहीं है रात का सोना ही काम है इसलिए 4:00 बजे उठना अपने गानों की शरीर में पैदा करना सरस्वती जी के पास करना उसके अलावा खाना भी खाना है खाना बनाना है और हमें कई प्रकार का जो सरेरी घरेलू कार्य निर्माण कार्य है उन सभी कार्यो को दिन में भी करना है पर उन कामों को करते-करते इंस्टाग्राम पूजा पाठ गायत्री जाप तथा कई जगह पर सामाजिक कार्य या अन्य कार्य भी प्रश्न ही पैदा हो सकता है इसलिए जो समय बिता वह समय वापस कभी नहीं आएगा जो समय बिता वह समय कभी वापस नहीं आएगा आपका जो युवा पीढ़ी है अभी आपके अभी समझना है अभी आपको कार्य भी करना है उसी 8 घंटा के बीच जब आप स्वस्थ नहीं रहेंगे जब सुबेरे नहीं उठेंगे तो सोचते नहीं रहेंगे जब आपके दिमाग बुद्धि विचार सब कुछ सही चलने लगेगा जब आपका स्वस्थ शरीर सही रहेगा तब इसलिए आपको निर्माण स्वस्थ का करना है तो सबसे पहले उठना है और डालना है योगा करना है अपने बुद्धि का विज्ञान का केंद्र जमा करना है ताकि दूसरों को बांटे और इस प्रकार का शिव भजन सिंह मरावी ने समस्त प्रशिक्षण ट्रेन गेम गायत्री जाप का ले रहे थे बालक बालिकाओं एवं सभी गुरुजनों को उन्होंने उद्बोधन करते हुए सभी को आश्वासन और धन्यवाद भी दिया कि आप इस समय युवा पीढ़ी है युवा पीढ़ी अक्सर बर्बाद होने में या किसी दिशा पर जाने में जल्दी से हासिल करते हैं तो आप बुराई की इस रास्ता को छोड़ें अच्छाई की रास्ता को जरूर अपना आपका मंजिल दूर नहीं है आपके लिए बहुत नजदीक है माता गायत्री माता काली माई माता दुर्गा मां आप लोगों के ऊपर बहुत बड़ा कृपा बनाए रखा है मेरे लायक जो भी सेवा बनेगा मैं हमेशा आप लोगों के लिए तत्पर हाजिर खड़ा रहूंगा मैं इस कार्यक्रम के सभी गायत्री परिवार के सदस्य युवा साथी सब को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



# उरगा थाना परिसर में महिला सुरक्षा संबंधी जागरूकता के अंतर्गत महिलाओं को अभिव्यक्ति एप डाउन लोड कराया गया




**- संवाददाता -**
**कोरबा,14 मई 2023 (घटती-घटना)।**

कोरबा पुलिस अधीक्षक यु उदय किरण (भा.पु.से.) के दिशा निर्देश एवं अति0 पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी उरगा तेज कुमार यादव के नेतृत्व में थाना उरगा परिसर में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित अभिव्यक्ति एप, गुड टच बेड टच, महिला संबंधित अपराध, सायबर क्राईम विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें थाना क्षेत्रान्तर्गत लगभग 500 की संख्या में मितानिन, महिला समूह महिलाए एवं छात्राएं उपस्थित रहे जिन्हें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर ठगी, साइबर अपराध, एटीएम ठगी, चिटफंड कंपनी ठगी आदि से बचने के उपाय तथा महिला संबंधी अपराध के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही अभिव्यक्ति एप डाउनलोड कराकर एप के द्वारा घर बैठे महिला संबंधित शिकायत करने की जानकारी भी दी गई जिसमें उपस्थित महिलाओं के द्वारा काफी रूचि लेकर बढ़ चढ़ कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया सघन निरीक्षण





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर ,14 मई 2023 (घटती-घटना)।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले रविवार को अपने दो दिवसीय प्रवास पर सरगुजा पहुंची। इस दो दिवसीय प्रवास में पहले दिन रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों और ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण सहित नवविवाहित वधुओं के सम्मान समारोह में महिलाओं का सम्मान किया गया। दूसरे दिन सोमवार को निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली जाएगी। निरिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर ए एल ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल सहित एसडीएम अम्बिकापुर एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहेब ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी के मद्देनजर आज मतदान केंद्र क्रमांक 71, 72 शासकीय कन्या शाला अम्बिकापुर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यहां संबंधित बीएलओ से मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली। विशेष पुनरीक्षण अहर्ता के तहत नवीन मतदाताओं को जोड़े जाने की जानकारी ली।

# प्रदेश मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा कल,आज और कल कार्यक्रम में जनता के प्रश्नों का दिया उत्तर

**- संवाददाता -**
**कोरबा,14 मई 2023 (घटती-घटना)।**

कोरबा जिले के टीपी नगर स्थित राजीव गांधी इंडोर ऑडिटोरियम में आयोजित कोरबा कल, आज और कल का खास कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जनता से सीधा संवाद किया। इनमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, अधिवक्ता, प्रोफेसर, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, सीए सहित तमाम बुद्धिजीवी वर्ग मौजूद थे। सभी ने मंत्री जयसिंह अग्रवाल से शहर और राज्य के विकास से जुड़े सवाल पूछे। इस दौरान कई लोगों की मांगों को राजस्व मंत्री ने मौके पर ही पूरा किया। 10 से लेकर 25 लाख रुपए तक के सामाजिक भवन और अन्य मांगों को तत्काल पूरा किया गया।

### बच्चों ने बताया कैसे उन्हें आत्मानंद स्कूल से लाभ मिल रहा

प्रदेश के प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चे भी कार्यक्रम में मौजूद थे। जिन्होंने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से अंग्रेजी में संवाद किया। बच्चों ने बताया कि कैसे उन्हें जिले में ही रहकर बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल रही है।वर्तमान में इन स्कूलों में ऐसी कोई भी ऐसी सुविधा अनुउपलब्ध नहीं है। जोकि किसी बड़े अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मिलती हो। बच्चों ने 12वीं कक्षा से आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए भी शहर में एक अच्छे कॉलेज की मांग की। राजस्व मंत्री ने उन्हें कहा कि सरकार इस दिशा में भी काम कर रही है। प्रयास रहेगा कि शहर में उच्च शिक्षा की ओर पहल करते हुए ठोस इंतजाम किए जाएं।

### सामाजिक भवनों को दी तत्काल स्वीकृति

कोरबा कल आज और कल कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद थे। समाज के पदाधिकारियों ने फिर चाहे वह वस्त्रकार समाज हो राठौर समाज हो केवट समाज, या फिर जायसवाल समाज। ऐसे कई समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान मंत्री से कहा कि उनके समाज का भवन अब तक नहीं बन सका है। मंत्री ने प्रत्युत्तर में कहा कि वर्तमान में मैं राजस्व मंत्री के प्रभार में हूं। जमीन अलॉट करना भी मेरा ही काम है। कई समाजों को मैंने जमीन अलॉट की है और आपकी मांगों को भी मैं तत्काल पूरा करता हूं । ऐसे समाज के मांग पर मंत्री ने 10 से लेकर 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले लगभग 5 से 6 समाज के भवनों को मौके पर ही स्वीकृति दी।




### प्रदूषण और महंगाई का भी किया ज़िक्र

इस कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने शहर में बढ़ते प्रदूषण का भी जिक्र किया। कहा कि शाम होते ही शहर गैस चेंबर की तरह बन जाता है। जब लोग खाना पकाने के लिए सिगड़ी का इस्तेमाल करते हैं। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि वर्तमान में एलपीजी गैस के दाम काफी बढ़ गया हैं। ऐसे में लोगों के पास जिले में कोयले का सस्ता विकल्प होता है। लोग इसका इस्तेमाल कर लेते हैं। हमने पूर्व में भी केंद्र सरकार और अधिकारियों से अनुरोध किया था कि कम से कम गरीबों को महीने में एक गैस सिलेंडर निशुल्क दिया जाए। तब यह बात नहीं मानी गई थी। हालांकि प्रदूषण कम करने की दिशा में हम ठोस प्रयास करेंगे। अधिकारियों को भी इस दिशा में कार्ययोजना बनाने को कहा जाएगा।

### सड़क की समस्या से मिला निदान

कोरबा कल आज और कल कार्यक्रम में जिले के पश्चिम क्षेत्र के निवासी भी मौजूद थे। जिन्होंने कहा कि सर्वमंगला कुसमुंडा मार्ग के बन जाने से राहकाफी आसान हुई है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन इस मार्ग पर कुछ पुल पुलिया का काम अधूरा है। जिसे पूर्ण कराए जाने की जरूरत है। मंत्री ने इसके जवाब में कहा कि इसके ड्राइंग और डिजाइन विभागों में पेंडिंग है। जब तक ले आउट फाइनल नहीं हो जाते प्लान नहीं बन जाता तब तक इसे काम को पूरा नहीं किया जा सकता। मंत्री ने यह भी कहा कि काफी लंबे प्रयासों के बाद सर्वमंगला से कुसमुंडा तक की सड़क को पूरा कराया है। लगभग 180 करोड रुपए की लागत से सड़क का निर्माण हुआ। जो सालों साल तक खराब नहीं होगी। सड़क का काम संपूर्ण हो चुका है। कुछ काम बचे हैं। उन्हें पूरा कर लिया जाएगा। इस काम मे कुसमुंडा के लोगों का भी सराहनीय योगदान रहा है। इसलिए उन्हें भी धन्यवाद देता हूँ। इस अवसर पर जिले के नागरिकगण एवं पत्रकार मौजूद रहे।

CMYK




# प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने के लिए सनराइजर्स से भिड़ेगा गुजरात टाइटंस

**अहमदाबाद ,14 मई 2023।** अमूमन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने वाली गुजरात टाइटंस की टीम पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को यहां ठोस प्रदर्शन करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगी। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए एक और जीत पर्याप्त होगी जबकि सनराइजर्स के 11 मैचों में चार जीत से आठ अंक हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। गुजरात को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिसमें राशिद खान ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उसके अन्य खिलाड़ी नहीं चल पाए थे।

उसके गेंदबाज सूर्यकुमार यादव पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे थे जबकि उसके प्रमुख बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर अब भी अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है लेकिन उसे अगर मगर की परिस्थितियों से बचने के लिए अगले दोनों मैचों में गलतियों में सुधार करके बेहतर प्रदर्शन करना होगा। कप्तान हार्दिक पंड्या ने भी टीम की 12 मैचों में चौथी हार के बाद कहा था,'' हम एक समूह के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। हमारी गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही। हमारी या तो स्पष्ट रणनीति नहीं थी या फिर हम उस पर अमल नहीं कर पाए।''

बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए और राशिद खान की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बावजूद टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।


इस स्टार स्पिनर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी उस मैच में नहीं चल पाए थे लेकिन वह नई गेंद से अपना जादू बिखेरने के लिए फिर से तैयार होंगे। मोहित शर्मा को पूर्व के मैचों में बीच के ओवरों में उपयोग किया गया था लेकिन मुंबई के खिलाफ उन्हें नई गेंद सौंपी गई थी। गुजरात टाइटंस का यह दांव हालांकि नहीं चल पाया था। दूसरी तरफ सनराइजर्स की टीम अगर मगर की कठिन डगर में फंसी हुई है तथा उसे अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतने के अलावा अन्य टीमों से भी अनुकूल परिणाम के लिए प्रार्थना करनी होगी। सनराइजर्स की टीम अपनी गलतियों से ही ऐसी परिस्थिति में पहुंची है। लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ एक समय वह जीत की स्थिति में थी लेकिन उसके गेंदबाज अंतिम छह ओवरों में 80 रन का बचाव नहीं कर पाए थे।

लखनऊ की तरफ से निकोलस पूरन ने मैच का पासा पलटने वाली पारी खेली थी। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी और प्रमुख गेंदबाजों के नहीं चल पाने से सनराइजर्स को इस सत्र में बड़ा नुकसान हुआ है। शीर्ष क्रम में मयंक अग्रवाल की जगह अनमोलप्रीत सिंह को रखा गया लेकिन वह भी अभी तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। राहुल त्रिपाठी की नाकामी भी टीम को भारी पड़ रही है। उन्होंने अब तक 11 मैचों में केवल 199 रन बनाए हैं। कप्तान एडेन मार्कराम भी आगे बढ़कर नेतृत्व नहीं कर पाए हैं। उन्होंने 10 मैचों में 207 रन बनाए हैं। टीम तेज गेंदबाज उमरान मलिक का भी सही उपयोग नहीं कर पाई है जिन्होंने अपना अंतिम मैच 29 अप्रैल को खेला था। अब्दुल समद का फॉर्म में वापसी करना हालांकि टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।

टीम इस प्रकार हैंः सनराइजर्स हैदराबाद- एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसेन और अनमोलप्रीत सिंह। गुजरात टाइटन्स- हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# इटालियन ओपन में पहला मैच जीतकर फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने अल्कराज

**रोम ,14 मई 2023।** कार्लोस अल्कराज ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में जीत दर्ज करके विश्व रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। अल्कराज ने अल्बर्ट रामोस विनोलास को 6-4, 6-1 से हराकर नोवाक जोकोविच की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि 28 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में उन्हें पहली वरीयता मिलेगी। बार्सिलोना और मैड्रिड में खिताब जीतकर यहां पहुंचे अल्कराज ने अपने विजय अभियान को 12 मैच तक पहुंचा दिया है। इस साल क्ले कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 20-1 हो गया है। अल्कराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका या



हंगरी के क्वालीफायर फैबियन मरोज़सन से होगा।

पुरुष वर्ग में दूसरे दौर के अन्य मैचों में छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेक्स मोल्केन को 6-3, 6-4 से,लोरेंजो सोनेगो ने योशीहितो निशिओका को 7-5, 6-3 से, जेजे वोल्फ ने 14वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्कज को 6-3, 6-4 से और बोर्ना कॉरिच ने थियागो मोंटेइरो को 4-6, 7-6 (8), 7-6 (5) से हराया। महिला वर्ग के तीसरे दौर के मैचों में कोलंबिया की क्वालीफायर कैमिला ओसोरियो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया को 6-4, 6-4 से, एंहेलिना कलिनिना ने सोफिया केनिन को 6-4, 6-2 से और वांग ज़ियू ने टेलर टाउनसेंड को 6-2, 0-6, 7-5 से पराजित किया।

# नीदरलैंड में चार जून को एफबीके गेम्स में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली,14 मई 2023।** इस महीने के शुरू में सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चार जून को नीदरलैंड के हेंगेलो में होने वाले फैनी ब्लैंकर्स कोएन (एफबीके) खेलों में हिस्सा लेंगे। भारत के इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच मई को डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में 88.67 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता था। एफबीके के आयोजकों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चोपड़ा की इस प्रतियोगिता में भागीदारी की जानकारी देते हुए कहा,'' एक अन्य ओलंपिक चैंपियन हेंगेलो आ रहा है।

जिनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.64 है और जो ओलंपिक चैंपियन है, वह



नीरज चोपड़ा हमेशा नए लक्ष्य हासिल करते हैं।'' एफबीके खेल विश्व एथलेटिक्स की महाद्वीपीय गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता है जिसका नाम फैनी ब्लैंकर्स कोएन के नाम पर रखा गया है जिन्होंने लंदन में 1948 के ओलंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीते थे। मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन चोपड़ा एफबीके खेलों में फिर से मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स का सामना करेंगे जो दोहा में 85.88 मीटर भाला फेंक कर तीसरे स्थान पर रहे थे।

# बांग्लादेश को लगा बड़ा झटका

**» शाकिब अल हसन अंगुली की चोट के कारण छह सप्ताह के लिए बाहर**

**ढाका ,14 मई 2023।** बांग्लादेश को इस खबर से बड़ा झटका लगा है कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की उंगली में चोट लगी है और वह छह सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान शाकिब की दाहिनी उंगली में चोट लग गई और बाद में रविवार को चेम्सफोर्ड में श्रृंखला के फाइनल में भाग लेने से इनकार कर दिया गया।

36 वर्षीय को अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के एकमात्र टेस्ट के लिए समय पर अपनी फिटनेस साबित करने के लिए घड़ी के खिलाफ दौड़ का सामना करना पड़ेगा, टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने चोट से छह सप्ताह के अपेक्षित पुनर्प्राप्ति समय का खुलासा किया।



बायजेदुल ने आईसीसी के हवाले से कहा, कल दूसरे वनडे में कैच लेने के प्रयास में शाकिब की दाहिनी तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी।

एक एक्स-रे ने आज तर्जनी के आधार पर फ्रैक्चर की पुष्टि की। ऐसी चोटों को ठीक होने में आमतौर पर लगभग छह सप्ताह लगते हैं। दुर्भाग्य से, इसका मतलब है कि वह आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच के लिए उपलब्ध नहीं है।÷

बांग्लादेश वर्तमान में आयरलैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग श्रृंखला में 1-0 से आगे है और अंतिम मैच में व्यापक जीत के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच सकता है।

बांग्लादेश आयरलैंड के खिलाफ अपने दूसरे एकदिवसीय मैच में तीन विकेट से विजयी हुआ था, हैरी टेक्टर द्वारा 140 रनों की पारी की बदौलत दर्शकों द्वारा बनाए गए 320 रनों का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए। बदले में, बांग्लादेश ने शैली में जवाब दिया, नजमुल हुसैन शंटो (117) ने अपना पहला एकदिवसीय टन प्राप्त किया।

# कोलकाता को नारायण और रसल से परे कुछ सोचना होगा :युसूफ पठान

**चेन्नई ,14 मई 2023।** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व ऑलराउंडर युसूफ पठान का मानना है कि कोलकाता टीम प्रबंधन को सुनील नारायण और आंद्रे रसल से परे कुछ सोचना चाहिए क्योंकि उनका प्रदर्शन पिछले कुछ सालों में निरंतर नहीं रहा है।

युसूफ ने ईएसपीएनक्रिकइंफो हिंदी के टी20 टाइमआउट शो में बात करते हुए कहा, ÷उन्हें (मैनेजमेंट को) देखना होगा कि नारायण और रसल ने पिछले तीन सालों में कैसा प्रदर्शन किया है और क्या वे मैच-जिताऊ प्रदर्शन कर पा रहे हैं? एक टीम के रूप में अगर आपको भविष्य की तरफ देखना है तो निश्चित रूप से अब आपको उनके परे देखना होगा। सीनियर खिलाड़ी के रूप में उनके प्रदर्शन निश्चित रूप से बेहतरीन नहीं कहे जा सकते हैं। उनसे अपेक्षा होती है कि वे विकेट लेंगे या रन बनाएंगे, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। अगर आप ऐसा नहीं कर रहे हैं, तो आप पर सवाल उठेंगे।÷

आईपीएल 2023 में नारायण के नाम 12 मैचों में सिर्फ़ सात विकेट है और उनकी इकॉनमी भी 8.50 की है। बल्ले से भी वह इस साल कुछ खास नहीं कर सके हैं। कभी कोलकाता के लिए सलामी बल्लेबाजी करने वाले नारायण ने पिछले तीन सीजन में 6.95 की साधारण औसत से सिर्फ़ 153 रन बनाए हैं।

हालांकि रसल का स्ट्राइक रेट अब भी 150 से अधिक है, लेकिन वे निरंतरता के साथ रन नहीं बना पा रहे हैं। 2021 में उनके नाम नौ पारियों में 183, 2022 में 12 पारियों में 335 और 2023 में 12 पारियों में 218 रन हैं। गेंद के साथ उनकी इस सीजन इकॉनमी 11.29 है, जो कि नारायण की तरह उनकी सबसे खराब सीजन इकॉनमी है। इसके अलावा उनका गेंदबाजी फिटनेस भी लगातार सवाल के घेरों में रहता है।फिलहाल रसल की उम्र 35 साल है और नारायण भी दो सप्ताह में 35 साल के होने वाले हैं।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुरुष टीम के लिए 2023-24 के कार्यक्रम की घोषणा की

**मेलबर्न ,14 मई 2023।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2023-24 के लिए पुरुष टीम के लिए स्थिरता की घोषणा की है।

शेड्यूल 1 अक्टूबर से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट के रूप में फैला हुआ है, ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ शेड्यूल की शुरुआत करेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज़, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र का हिस्सा होगी, 14 दिसंबर को पर्थ में पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए एमसीजी जाने से पहले शुरू होगी। श्रृंखला का समापन 2024 के नए साल में एससीजी में होगा।

भारत में आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के बाद, ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय व्हाइट-बॉल सीरीज़ में मेन इन ब्लू का सामना करने के लिए वापस रहेगा।

उसके तुरंत बाद, ऑस्ट्रेलिया ओवल और गाबा में दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ में वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा। दूसरा टेस्ट मैच गर्मियों का एकमात्र पिंक बॉल टेस्ट होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और टी20ई श्रृंखला पुरुष टीम के लिए घरेलू गर्मियों का दौर होगा।



पुरुषों के टेस्ट शेड्यूलिंग की योजना इस तरह से बनाई गई है कि जो खिलाड़ी सफेद गेंद के प्रारूप में विशेषज्ञ हैं, वे बीबीएल सीज़न के अधिकांश समय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने आगामी मैचों पर अपने विचार व्यक्त किए।

क्रिकेट गर्मियों की जगहें और आवाज़ प्रदान करता है और ऑस्ट्रेलियाई लोगों को एक साथ लाता है जैसे कोई अन्य खेल नहीं है और हम अगले सत्र में विश्व स्तरीय क्रिकेट देखने के लिए प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

हम अपने सबसे वफादार प्रशंसकों को हमारे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट परिवार की प्री-सेल में सर्वोत्तम कीमतों पर सर्वश्रेष्ठ सीटों को सुरक्षित करने का अवसर प्रदान करने के लिए खुश हैं। हमें अपने प्रवेश स्तर के टिकट की कीमतों को फ्लैट रखने में सक्षम होने पर भी गर्व है। यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार आठवां सीजन है कि अधिक से अधिक लोग महिला और पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव और आनंद ले सकें।

हम इस गर्मी में वेस्टइंडीज, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के हमारे तटों का दौरा करने के लिए उत्सुक हैं और हम देश भर के प्रशंसकों के लिए विश्व स्तरीय क्रिकेट लाने में उनके समर्थन के लिए प्रसारकों, स्थानों और स्थानीय सरकारों सहित हमारे सभी भागीदारों के साथ उन्हें धन्यवाद देते हैं। निक हॉकले ने आईसीसी के हवाले से कहा।

# विक्रम वेधा के ओटीटी रिलीज के बाद फैन्स ने की ऋतिक जमकर तारीफ




ऋतिक रोशन स्टारर विक्रम वेधा में वेधा द्वारा निभाया गया उनका किरदार यकीनन उनके बेस्ट प्रदर्शनों में से एक कहा जाता है और 2022 में अब तक का सबसे चर्चित प्रदर्शन भी था। ऐसे में इसमें कोई हैरानी की बात नहीं कि जब ये क्राइम ड्रामा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर दी गई है, तो क्यों फिल्म को लेकर नेटिजेन्स के मध्य उत्साहित बातचीत का सिलसिला और भी तेजी से बढ़ रहा है। विक्रम वेधा में ऋतिक रोशन के दमदार प्रदर्शन को देखते हुए, सुपरस्टार के फैन्स ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उनकी तारीफ की बाढ़ भी ला दी है। इस मूवी के ओटीटी पर आने के साथ ही जहां कुछ यूजर्स ऋतिक को फिर से वेधा के रूप में देखने के अपने उत्साह के बारे में खुलकर बात करते हुए दिखाई दे रहे है, तो वहीं दूसरे उनके अलग-अलग शेड्स से काफी इम्प्रेस दिखाई दे रहे है। कुछ और लोगों ने पोस्ट किया कि कैसे पूरे परिवार ने भाषा से अंजान होने के उपरांत भी सिर्फ ऋतिक के लिए विक्रम वेधा को फिर से देखा गया है। जबकि कुछ ने कहा है किया कि कैसे कई लोगों ने एक ही घर के भीतर अपने अलग-अलग डिवाइसेज पर मूवी देखी गई है। इसी के साथ ऋतिक रोशन के लिए तारीफ और सरहाना का सिलसिला जारी रहा क्योंकि उन्होंने वेधा के उनके कैरेक्टर को उनके करियर का सबसे अच्छा, अभिनय में एक मास्टर क्लास, उनके बेस्ट प्रदर्शन के रूप में संदर्भित भी कर दिया गया है।

# डीपनेक आउटफिट में कहर ढाती नजर आईं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने कूल अंदाज से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। डीपनेक व्हाइट क्रॉप टॉप में एक्ट्रेस ऊपर से ब्लैक कोट कैरी किए हुए हैं। साथ ही छोटी स्कर्ट को पहन रखा है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी इस आउटफिट के साथ ज्वैलरी पहने नजर आ रही हैं। उनकी ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। मिनिमल मेकअप और लाइट कर्ली हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी कहर ढाहती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। तीखी निगाहों के साथ एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने फैंस पर बिजलियां गिराती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी एक्ट्रेस पलक तिवारी की मां हैं। दोनों को देखकर कोई मां बेटी को पहचान नहीं पाएगा। कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे के कई सीरियल्स और टीवी शोज में काम किया है। श्वेता तिवारी के लुक्स को देखकर लोग उन्हें हुस्न की मलिका या परी बुलाते हैं। श्वेता तिवारी आज भी इतनी खूबसूरत हैं कि फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं। उनके फैंस कमेंट्स कर रहे हैं कि एक तिवारी, सब पर भारी

# श्रेयस तलपड़े की फिल्म द गेम ऑफ गिरगिट से जुड़ीं अदा शर्मा

अदा शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर चर्चा में बनी हुई है। एक्ट्रेस की इस फिल्म को लेकर काफी तारीफ हो रही है। साथ ही फिल्म में उनके अभिनय की भी खूब सराहना की गई है। वहीं, अब अदा शर्मा को लेकर एक और अपडेट सामने आया है। दरअसल, द गेम ऑफ गिरगिट के निर्माताओं ने हाल ही में इसको लेकर घोषणा की है। एक्ट्रेस को श्रेयस तलपड़े की फिल्म द गेम ऑफ गिरगिट में कास्ट किया गया है। इस फिल्म में एक्ट्रेस एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगी। आने वाली यह फिल्म थ्रिलर गंधार फिल्म्स एंड स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड की निर्मित है और हेट स्टोरी 2 के प्रसिद्ध विशाल पंड्या की निर्देशित है।

फिल्म के निर्माताओं के अनुसार द गेम ऑफ गिरगिट फेमस ब्लू व्हेल गेम पर आधारित है, जो हाल के दिनों में युवाओं के बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय हो गया है। इसे व्हेल चैलेंज भी कहा जाता है। यह एक इंटरनेट गेम है, जिसमें कथित तौर पर 50 दिनों की अवधि के दौरान प्रशासकों के खिलाड़ियों को सौंपे गए कामों की एक सीरीज शामिल होती है, जिसमें आखिर में चुनौती के लिए खिलाड़ी को आत्महत्या करनी होती है। हाल ही में विवादित फिल्म द केरल स्टोरी में नजर आई अदा शर्मा ने कहा कि पर्दे पर एक पुलिस की भूमिका निभाने के लिए काफी उत्साहित हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मैंने कमांडो में पहले एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई है और भावना रेड्डी की भूमिका बहुत लोकप्रिय रही थी।



# जोरम से सामने आया मनोज बाजपेयी का लुक

जहां साल की शुरुआत दुनियाभर के प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के साथ हुई, वहीं अब अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का दौर शुरू हो गया है। बीते कई दिनों से अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी की कान्स में स्क्रीनिंग की चर्चा है। अब मनोज बाजपेयी की फिल्म जोरम के सिडनी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने की खबर आई है। अभिनेता जीशान आयूब ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना और मनोज का लुक भी शेयर किया है। जीशान आयूब ने इंस्टाग्राम पर जोरम से अपना और मनोज का लुक शेयर किया है। तस्वीर में जीशान एक पुलिसवाले के रूप में नजर आ रहे हैं। मनोज एक बच्चे को लेकर किसी से छिपते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के ही हाव-भाव फिल्म के लिए आपकी दिलचस्पी बढ़ाने वाले हैं। इन तस्वीरों के साथ जीशान ने लिखा, जोरम यहां है और सिडनी फिल्म फेस्टिवल में दुनिया को हैरान करने के लिए तैयार है। देवाशीष मखीजा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक सर्वाइवल थ्रिलर



फिल्म है। फिल्म एक विस्थापित पिता की कहानी है, जो अपनी बच्ची के साथ अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने अतीत और वर्तमान के बीच फंसा हुआ है। उसके पुराने कारनामे उसके वर्तमान को बर्बाद कर रहे हैं। फिल्म में तनिष्ठा चटर्जी और राजश्री देशपांडे भी नजर आएंगी। जोरम देवाशीष और मनोज की तीसरी साझेदारी है।

मनोज ने अपने किरदार के बारे में कहा था, फिल्म जोरम एक ऐसे व्यक्ति की रोचक कहानी है, जो अपने अतीत और वर्तमान के बीच पिस रहा है। उसका अतीत और वर्तमान बिल्कुल विपरीत हैं। मुझे दरसु के उलझे हुए किरदार को निभाने में मजा आया। बाहर से वह साधारण व्यक्ति दिखता है, लेकिन वह बिल्कुल भी साधारण नहीं है। यह एक बेहतरीन कहानी है, जिसके किरदार काफी प्रभावशाली हैं। सिडनी फिल्म फेस्टिवल 7 जून से 18 जून तक ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चलेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार इस समारोह में 90 फीचर फिल्म और 54 डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाएंगी। यहां अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी भी प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म में सनी लियोनी और राहुल भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना | राजधानी-समाचार...

अम्बिकापुर, सोमवार 15 मई 2023



# युवाओं हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा फैसला

## आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों के पद बढ़ाए गए,अब 920 पदों पर होगी भर्ती

» संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण ने जारी किया संशोधित विज्ञापन

» आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं




**रायपुर ,14 मई 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार युवाओं के हित में आई.टी.आई के प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए विज्ञापित पदों की संख्या 366 से बढ़ाकर अब 920 कर दी गई है। अब प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों पर भर्ती की जाएगी। संचालक रोजगार प्रशिक्षण ने इस संबंध में संशोधित विज्ञापन जारी कर दिया है। जो अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। इन पदों पर भर्ती छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों से की जाएगी।

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से इन पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 8 मई से शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भर्ती के संबंध में उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए है। जिसके बाद विभागों द्वारा भर्ती की प्रक्रिया तेजी से जारी है। विभाग की ओर से प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए जारी संशोधित विज्ञापन में इलेक्ट्रिशियन के 51 पदों को बढ़ाकर 90, कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 86 पदों को बढ़ाकर 242, कारपेंटर के 02 पदों को बढ़ाकर 09, टर्नर के 06 पदों को बढ़ाकर 10, फिटर के 48 पदों को बढ़ाकर 100 पद, मैकेनिक ट्रैक्टर के 02 पद को बढ़ाकर 3, मैकेनिक डीजल के 32 पद को बढ़ाकर 90, मैकेनिक मोटर व्हीकल के 05 पद को बढ़ाकर 07, वर्कशॉप कैल्युलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्रॉइंग के 72 पद को बढ़ाकर 234 पद, वायरमैन के 02 पद को बढ़ाकर 06, वेल्डर के 30 पद को बढ़ाकर 89, शीट मेटल वर्कर के 01 पद को बढ़ाकर 03, सिविंग टेक्रॉलाजी के 06 पद को बढ़ाकर 12, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग के 02 पद को बढ़ाकर 04 किया गया है। इंफरमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्रॉलाजी सिस्टम मेंटेनेंस के 01 पद, ड्राईवर कम मैकेनिक के 06 पद, ड्राफ्ट्समेन मैकेनिकल के 01 पद, मशीनिष्ट के 04, मशीनिष्ट ग्राइंडर के 01 पद, मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर) के 01 पद, मैकेनिक रेफ्रिजेरेशन एंड एयर कंडीशनर के 02 पद, सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (अंग्रेजी) के 02 पद, एम्लायबिलिटी स्किल के 03 पद को यथावत रखा गया है। इन्हें मिलाकर अब कुल 920 पदों पर भर्ती की जाएगी। विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, शैक्षणिक अनुभव, आयु सीमा, निर्देश, परीक्षा योजना, चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम एवं पदों का आरक्षण आदि का विस्तृत विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों की जानकारी पर विस्तृत विज्ञापन में देखे जा सकते हैं। रिक्त पदों की संख्या तथा ट्रेड एवं विषय में परिवर्तन किया जा सकता है।

## पटवारी रिश्वत लेते नजर आए



### अब कार्रवाई का इंतजार

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ,14 मई 2023(ए)।** जिले में एक पटवारी का घूस लेते वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। एक किसान से काम कराने के एवज में पटवारी ने रिश्वत की मांग की थी। किसान ने पटवारी को पैसे तो दिए, लेकिन इसका उसके साथ मौजूद व्यक्ति ने वीडियो बना लिया।

ये मामला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के ग्राम गन्तुलि का है। यहां पटवारी के पद पर प्रांजल स्वर्णकार की पोस्टिंग हैं। पटवारी के पास किसान ने अपनी जमीन से संबंधित किसी कार्य के लिए आवेदन किया था। लेकिन पटवारी ने काम के लिए किसान से पैसों की मांग की। किसान ने पटवारी को पैसे देने का वीडियो बना लिया। जिसे अब सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया है। यह वीडियो कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है, मगर वीडियो के आम होते ही लोगों का कहना है कि रिश्वतखोर पटवारी पर जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए।



## सड़कों पर जल्द दौड़ेंगी ई-बसें, 5 चार्जिंग प्वाइंट बनेंगे, टेंडर हुआ जारी

**रायपुर,14 मई 2023 (ए)।** राजधानी रायपुर की सड़कों पर अब जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। दिन-ब-दिन इलेक्ट्रिक व्हीकल की संख्या में इजाफा हो रहा है। लोगों के सुविधाओं में बढ़ोतरी करने और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर ये निर्णय लिया गया है। शुरुआत में 10 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इसके बाद और बसें खरीदने का निर्णय लिया जाएगा। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत, इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए 10 ई बसें खरीदी जाएंगी। इसका टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

### आधा दर्जन चार्जिंग प्वाइंट भी बनेंगे

शहर के पांच स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने की भी तैयारी है। इसके लिए टेंडर जारी किया जा चुका है, जिसके लिए तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए भी जगह चिन्हांकित कर ली गई है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद, जिसे चुना जाएगा, उसे तीन महीने की समय सीमा के भीतर बसें उपलब्ध करानी होंगी। ये बसें वाहन प्रदूषण के स्तर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा इस कदम से डीजल पर हो रहे भारी खर्च को रोकने में मदद मिलेगी। बसें पूरी तरह से बिजली से चलेंगी, जिससे शोर और प्रदूषण छुटकारा मिलेगा। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक बसें सफल होंगी और बजट की उपलब्धता के अनुसार सभी डीजल बसों को बदल दिया जाएगा।

## कर्नाटक में चुनाव हारने के बाद सीएम भूपेश बघेल का बीजेपी के खिलाफ बड़ा बयान

# भाजपा के लिए अब कुछ करने की जगह नहीं

**रायपुर,14 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्नाटक चुनाव को लेकर आज फिर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हार के बाद बीजेपी को सच बोलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पूरा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर लड़े और अब जवाबदारी कोई और ले रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी ओम माथुर के बारे में कहा कि वे बुजुर्ग व्यक्ति हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। भाजपा नेता साढ़े चार साल तक सोए थे, लेकिन अब बुढ़ापे में उन्हें इतने बड़े भौगोलिक क्षेत्र में दौरा कराएंगे। भाजपा के लिए अब कुछ करने की जगह नहीं है, घुमाने से कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।



### शिवराज सिंह घूमते कम हैं और बोलते ज्यादा हैंः सीएम बघेल

छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सली मुद्दे पर मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह को आड़े हाथों लिया है। भूपेश बघेल ने कहा कि शिवराज सिंह घूमते कम हैं और बोलते ज्यादा हैं। नक्सलियों पर हम जो दबाव किए हैं, इस कारण नक्सली मूव कर रहे हैं। यदि वहां नक्सली नहीं होते तो मारते कैसे ? भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सली अब मध्य प्रदेश में प्रवेश कर रहे हैं, वो उल्टा बोल रहे हैं, ये बात सही है छत्तीसगढ़ में नक्सली सबसे ज्यादा थे, अब धीर धीरे घट रहे हैं. इसके जितने कंमाडर हैं, वो छत्तीसगढ़ से नहीं हैं। ये छुपने के लिए आते हैं, चाहे वो महाराष्ट्र के हो, तेलंगाना के हो, आंध्रप्रदेश के हो या फिर ओडिशा के हो। यहां छुपने के लिए आते हैं।

## भूपेश बघेल ने कहा शराब दुकान बंद करा सकते है लेकिन...

**रायपुर,14 मई 2023 (ए)।** सीएम भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शान्ति सरोवर में नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के शुरूआत कार्यक्रम में सीएम भूपेश ने कहा कि साल 2018 में महिलाओं का दवाब था कि प्रदेश मे शराबबंदी हो। उनकी सभा में थे, हमने भी घोषणा कर दी। इसके अलावा भेंट मुलाकात में भी शराबबंदी की मांग होती है। सीएम भूपेश ने कहा कि इसके लिए केवल सरकार सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। सीएम होने के नाते आज ही सब शराब दुकान बंद करा सकते है लेकिन क्या ये समस्या का समाधान होगा? उन्होंने कहा कि महीनों के लॉकडाउन में लोग शराब का इंतजाम कर ले रहे थे। कुछ नहीं मिला तो सेनेटाइजर पी गए। इसके बाद मेरी हिम्मत नहीं हुई कि मैं शराबबंदी की घोषणा कर दूं। नशेड़ी जिंदा है तो सुधार की उम्मीद है, मर जाए तो कोई विकल्प नहीं है। सीएम भूपेश ने कहा कि महिलाएं शराबबंदी पर दोनों हाथ उठाती है और गुड़ाखू पर चुप हो जाती है। बाल या युवा अवस्था में नशे की शुरुआत होती है। आगे जीवन की कड़वाहट उसे और बढ़ाती है। नशा मुक्त अभियान का मैं स्वागत करता हूं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के अभियान को सरकार पूरा सहयोग देगी। नशा मुक्त समाज होना ही चाहिए।



## सीएएफ के जवानों ने दी मानवता की मिसाल

# बेसहारा महिला के शव को दिया कंधा



**कांकेर ,14 मई 2023 (ए)।** जिले के भानुप्रतापपुर के ग्राम भीरागांव में सीएएफ के जवानों ने मानवता की मिसाल पेश की है । यहां मृत वृद्ध महिला के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए गांव का कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया । जिसके बाद सीएएफ के जवानों ने उसके शव का अंतिम संस्कार किया ।

जानकारी के अनुसार, भीरागांव में एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला खोरीन बाई की मौत हो गई थी । लेकिन उसके शव का अंतिम संस्कार करने के लिए गांव का कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया । जिसकी जानकारी लगभग 24 घंटे बाद छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स के जवानों को लगी । छत्तीसगढ सशस्त्र बल 22बीएन भीरागांव के कंपनी कमांडर उग्रेश दीवान ने इसे गंभीरता से लेते हुए बटालियन के कमाडेंट एसआर भगत को अवगत कराया और बटालियन के जवानों के साथ मृत महिला का अंतिम संस्कार किया ।

बता दें कि मृत वृद्ध महिला के पति की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई थी । महिला वृद्ध हो गई थी, उसे गांव में कोई न कोई खाने के लिए भोजन दे देते थे । जैसे-तैसे जिंदगी चल रही थी ।

# सीएम भूपेश बघेल की ड्यूटी से वापिस आ रहे डीएसपी पर हुआ हमला


» स्टंप-बैट से सिर पर किये दनादन वार, खून से लथपथ

**बिलासपुर ,14 मई 2023 (ए)।** जिले में एक डीएसपी की पिटाई का मामला सामने आया है जहां कुछ बदमाशों ने उनकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी है। बताया जा रहा है कि डीएसपी कबीरधाम से बिलासपुर में सीएम भूपेश बघेल की ड्यूटी में आए हुए थे। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के बाद वे वापिस आ रहे थे, तभी दो गुटों में विवाद देख उन्हें समझाने गए हुए थे। जिन लोगों को वे समझाने गए हुए थे उन्हीं ने डीएसपी की पिटाई कर दी।बदमाशों ने लाठी-डंडों से उन्हें जमकर पीट दिया जिसके बाद वे लहूलुहान हालत में किसी तरह वहां से निकल सके। घायल पुलिसकर्मी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बदमाशों की तलाश जारी है।



घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार बन्नाक चौक निवासी जगदीश मिश्रा डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पोस्टिंग कबीरधाम जिले में बटालियन में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर है। बता दें कि सीएम भूपेश बघेल इस समय बिलासपुर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम कर रहे हैं।

सीएम भूपेश बघेल कल बेलतरा दौरे में थे। डीएसपी जगदीप मिश्रा की वहां ड्यूटी लगी थी। वे दिन भर ड्यूटी करने के बाद शाम को बन्नाक चौक की ओर जा रहे थे। वायसी के समय उन्होंने देखा कि कुछ बच्चे मैदान में फुटबाल खेल रहे थे, जहां उनका बेटा भी अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेलने के चला गया था। इस दौरान लड़कों के दो पक्षों में विवाद हो रहा था, जिसे देखकर डीएसपी मिश्रा रूक गए और लड़कों को समझाने गए थे।



# चक्रवात ‘मोचा’ का असर खत्म

» अब शुरू होगा भीषण गर्मी का ‘टॉर्चर’

**रायपुर,14 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में चक्रवात ‘मोका’ का प्रभाव बीते कल ही खत्म हो गया, इसके बाद अब भीषण गर्मी का ‘टॉर्चर’ शुरू होगा। सुबह 11 बजे के बाद से ही चिलचिलाती धूप अब शरीर को चुभने लगी है।

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि, चक्रवाती तूफान ‘मोचा’ 12 मई को ही म्यांमार और बांग्लादेश की तरफ बढ़ गया है, लिहाजा एक बार फिर उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव प्रदेश में बढ़ गया है। वहां गर्म हवाओं का आगमन लगातार जारी है। इसलिए तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। रायपुर में सुबह से ही सामान्य से तापमान बढ़ा हुआ है, जो अगले तीन दिन में 3 डिग्री तक तापमान बढ़ने की संभावना है।

### लू जैसे हालात की भी चेतावनी

इसके अलावा जांजगीर-चांपा, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में सुबह से 1 से 2 डिग्री तक तापमान बढ़ा हुआ है। रायपुर में तापमान दोपहर तक दो डिग्री तक बढ़ सकता है, बाकी जिलों में भी इसी तरह की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने कई जिलों में लू जैसे हालात बनने की भी चेतावनी दी है।

### बीते दिवस यहां सबसे ज्यादा गर्मी

गत दिवस को प्रदेश का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस सक्ती जिले में दर्ज किया गया। तिल्दा में भी यही रिकॉर्ड दर्ज किया गया। राजनांदगांव में 42, कवर्धा में 41.5, पेंड्रा रोड में 40.4, दुर्ग में 41.6, जगदलपुर में 38 और अंबिकापुर में 38.9 डिग्री तापमान रहा। जबकि रविवार को नारायणपुर में जहां न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस, दंतेवाड़ा में 19.1, कबीरधाम में 19.4 और कांकेर में 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

प्रदेश में आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के हालात बनने वाले हैं। मौसम विशेषज्ञ चंद्रा ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी हवाओं की वजह से कई जिलों में लू जैसे हालात बनेंगे। आने वाले दिनों में तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ने की संभावना है। हवा शुष्क रहेगी इसलिए बारिश के भी आसार नहीं है। हालांकि इस दौरान अगर आने वाले दिनों में कोई सिस्टम बना तो प्रदेश में बारिश भी हो सकती है।

# हाईकोर्ट जजों के साथ युवा विधि स्नातकों को काम करने का मिलेगा अवसर

» बढ़ा सकेंगे कानूनी दक्षता और ज्ञान



**बिलासपुर ,14 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के जजों के साथ काम करने के लिए संविदा पर विधि सहायकों की भर्ती की जा रही है। यह विधि सहायक अधिकतम एक साल के लिए अनुबंध पर नियुक्त किए जाएंगे। इस दौरान उन्हें 30,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय के रूप में दिए जाएंगे।

विधि सहायकों को हाईकोर्ट न्यायाधीशों की सहायता के लिए कानून एवं उससे संबंधित शोध कार्यों के लिए नियुक्त किया जाएगा। वे इस दौरान अपनी कानूनी दक्षता और ज्ञान को बढ़ा सकते हैं, जो भविष्य में उनके काम आएगा। विधि सहायक न्यायाधीशों को उनकी न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों के निर्वहन में भी सहायता करेगा। आवेदन करने वाले विधि स्नातक की आयु 21 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है और इसे सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ न्यायालय को भेजना होगा। इसमें चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

## छ.ग.पुलिस के सूबेदार,उप निरीक्षक,प्लाटून कमांडर की परीक्षा 26 से 29 मई तक

**रायपुर,14 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर के 975 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर के द्वारा आयोजित की जाएगी। हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में दक्षता परीक्षा 26 मई 2023 को प्रातः 8 बजे से 10.15 बजे तक और 26 मई 2023 को ही सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार एप्टीट्यूड परीक्षा 27 मई 2023 को प्रातः 8 बजे से 10.15 बजे तक तथा विज्ञान (गणित, भौतिकी एवं रसायन) परीक्षा 27 मई 2023 को ही दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कम्प्यूटर विज्ञान परीक्षा 29 मई 2023 को प्रातः 8 बजे से 10.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर एवं अंबिकापुर है। परीक्षा केन्द्र छ.ग. व्यापमं द्वारा पृथक से सूचित किए जाएंगे। प्रवेश पत्र 18 मई 2023 को प्रातः 10 बजे से डाउनलोड किए जा सकेंगे। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि अद्यतन जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस और छ.ग. व्यापमं की अधिकारिक वेबसाईट का नियमित अवलोकन करें।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)